सुविचार

जिंदगी की कमाई, दौलत से नही नापी जाती, अंतिम यात्रा की भीड़ बताती है, कमाई कैसी थी..!!

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 7, अंक-19 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 17 जून 2022 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये


## वाहन स्वामी की मर्जी के बगैर वाहन को ले जाने वाले के खिलाफ क्या कार्यवाही होगी जानिए/MV Act,1988



हमारा वाहन खड़ा हुआ है और कुछ लोग ऐसे होते हैं मस्ती करने के उद्देश्य से हमारे वाहन को ले जाते हैं या कोई व्यक्ति चोरी करके वाहन को लेकर भाग जाता है कुछ दूर बाद वाहन ओर चोर को पकड़ लिया जाता है तब वाहन चोरी करने वाले या बिना वाहन मालिक की सहमति से वाहन ले जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ क्या कार्यवाही होगी जानिए।

**मोटर यान अधिनियम,1988 की धारा 197 की परिभाषा?**

जो कोई व्यक्ति बिना वाहन स्वामी की सहमति के उसके वाहन को चलाएगा या किसी व्यक्ति को चलाने के लिए दुष्प्रेण करेगा।

कोई व्यक्ति विधि विरुद्ध रूप से किसी वाहन को बलपूर्वक ,धमकी द्वारा छीन लेगा या अपना नियंत्रण करेगा। तब ऐसा करने वाले व्यक्ति को तीन माह की कारावास या पाँच हजार रुपए जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

**विशेष नोट-** अगर न्यायालय को यह विश्वास हो जाता है कि किसी स्वामी की अनुमति के बिना वाहन तब चलाया गया है जब उसका कार्य विधि विरुद्ध नहीं था जैसे की किसी व्यक्ति का सड़क हादसा हो जाए, कोई व्यक्ति अचानक गंभीर बीमारी में ग्रस्त हो जाए या कोई भी वैध कारण हैं तब न्यायालय वाहन स्वामी से अपेक्षा करेगा कि ऐसी स्थिति में वाहन चालक को सहमति की आवश्यकता नहीं थी तब ऐसे व्यक्ति पर यह धारा लागू नहीं होगी।

**लेखक बीआर अहिरवार(पत्रकार एवं लॉ छात्र होशंगाबाद)**
**9827737665**

अमृत-2 योजना के तहत बदली जाएगी

# संत हिरदारामजी की कुटिया से गांधीनगर जाने वाली पाइप लाइन



**भोपाल।** राजधानी के उपनगर बैरागढ़ में संत हिरदारामजी की कुटिया के पास रेलवे लाइन के नीचे से गांधीनगर जाने वाली पाइप लाइन जर्जर होने से आए दिन इसमें खराबी आ रही है। इससे जलापूर्ति भी प्रभावित हो रही है। नगर निगम ने अब इसे अमृत-2 योजना के तहत बदलने का प्रस्ताव बनाया है। इस बार ग्रीष्मकाल में इस पाइप लाइन में कई बार खराबी आई। लीकेज के कारण गांधीनगर के नागरिकों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा। दो दिन पहले फिर से इसमें खराबी आ गई। जर्जर हो चुकी पाइप लाइन दो जगह से उखड़ गई। नगर निगम के अमले ने कड़ी मशक्कत के बाद इसे सुधारा। सुधार कार्य के दौरान गांधीनगर एवं आसपास के नागरिकों को छह से सात घंटे की देरी से पानी मिल सका। कुछ इलाकों में तो नल ही नहीं खुले। यह पाइप रेल पटरियों के नीचे से गुजरती है। कई बार इसी हिस्से में फाल्ट आने पर तत्काल सुधार करना संभव नहीं होता। बड़ी खराबी आने पर रेलवे की अनुमति भी लेनी पड़ती है। इसमें समय लग जाता है, जिससे नागरिकों की परेशानी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए नगर निगम ने लाइन बदलने का प्रस्ताव बनाया था, लेकिन स्वीकृति नहीं मिल सकी।

### छह किलोमीटर लंबी है पाइप लाइन

बूढ़ाखेड़ा स्थित जल शोधन संयंत्र से यह लाइन संतजी की कुटिया तक पहुंचती है। यहां से इसे दाता कालोनी लाइन से जोड़ा गया है। दाता कालोनी से नए फ्लाइओवर से होते हुए लाइन गांधीनगर तक जाती है। करीब छह किलोमीटर लंबी पाइप सन 2003 में बिछाई गई थी। उस समय एमएस पाइप बिछाए जाते थे। यह पाइप अब जर्जर हो चुके हैं। अब यहां आधुनिक प्लास्टिक के पाइप बिछाए जाएंगे। जल कार्य विभाग के सुपरवाइजर जीएस गोहिया के अनुसार प्लास्टिक के पाइप जमीन के अंदर जल्दी खराब नहीं होते।

## जिंदगी

मत कर ऐ जिंदगी इतने सितम,
में इनका हिसाब न लगा पाऊंगा।
हां थक चुका हूं तेरे जुल्मो से,
फिर भी में हर दिन मुस्काउंगा।।
गिर कर उठना, उठ कर चलना सीखा है,
हर हाल मे मैने लड़ना सीखा है।
माना तेरी चुनोतियो में बड़ी सजा हे,
लेकिन इनसे लड़ने में अलग ही मजा है।।
तेरे दिए हर जख्म अब नासूर हो रहे हे,
इन्ही जख्मो से हम भी मशहूर हो रहे हे।
बक्शी हे गर खुदा ने जिंदगी तो जी रहे हे,
किस्मत के हर दर्द को हस कर पी रहे हे।।
हर कदम बस यही सोच कर चलता हूं,
में रोज सपनों मे मेरी मंजिल से मिलता हूं।
माना मंजिलो का रास्ता आसान नही होता,
इन मुसीबतो से में भी परेशान नही होता।।

**नीलेश केशरिया**
RGPV BHOPAL

## नाबालिग बच्चों से भीख मंगवाना कब दण्डनीय अपराध होगा जानिए/Juvenile Justice Act, 2015..... I



अक्सर हम बहुत से शहरों में देखते हैं कि छोटे छोटे बच्चे सड़क या मंदिर, मज्जिद या अन्य स्थानों पर भीख मांगते फिरते हैं इन बच्चों माता-पिता या कोई व्यक्ति इन्हें भीख मांगने के लिए मजबूर करता है तब ऐसे व्यक्ति के खिलाफ क्या कार्यवाही हो सकती है जानिए।

किशोर न्याय(बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम,2015 की धारा 76 की परिभाषा?

1. कोई भी व्यक्ति किशोर बालको को भीख मांगने के उद्देश्य से नियोजित करता है या किशोर से भीख मंगवाएगा या भीख मंगवाने के लिए दुष्प्रेण(उकसाना) मात्र करेगा तब ऐसे नियोजक (स्वामी जिसमे माता पिता या कोई भी संरक्षक भी हो सकता है) को पाँच वर्ष की कारावास एवं एक लाख रुपए के जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है। लेकिन अगर कोई नियोजक किसी किशोर बालक के अंग-विच्छेद करता है अर्थात किसी भी प्रकार से विकलांग करके भीख मंगवाएगा जैसे आँखे फोड़ देना, हाथ या पाव की उंगली काट देना आदि तब ऐसे संरक्षक को अधिकतम दस वर्षों की कारावास एवं पांच लाख रुपये के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।

**विशेष नोट-** अगर बालक अपनी मर्जी से भीख मांगता है या किसी संरक्षक, भारसाधन के नियंत्रण से हट जाता है तब ऐसे बालक को जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**- लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(महिला सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला ब्यूरो चीफ अलीगढ़ उत्तर प्रदेश)**

# राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया



पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम। शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज दिनांक 14 .06.22 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉ कामिनी जैन एवं 5द्वश्च गर्ल्स बटालियन 13द्वश्च के कमांडिंग ऑफिसर हरप्रीत सिंह के निर्देशन में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने बताया हर साल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है ताकि ट्रांसफ्यूजन के लिए सुरक्षित रक्त और रक्त उत्पादों की आवश्यकताओं के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके यह दिन उन लोगों के योगदान का भी सम्मान करता है जो राष्टीय स्वास्थ्य प्रणालियों में खुद से और बिना पैसे लिए ब्लड डोनेट करते हैं रक्त और रक्त से जुड़े प्रोडक्ट्स कई लोगों की जान बचाने का काम करते हैं जैसे गर्भावस्था और प्रसव से संबंधित रक्त स्त्राव से पीड़ित महिलाएं मलेरिया और कुपोषण के कारण एनीमिया से पीड़ित बच्चे ट्रामा आपात स्थिति आपदा और दुर्घटनाओं के शिकार और रक्त एवं बोन मैरो विकार से पीड़ित लोग हिमोग्लोबिन के वंशानुक्रम विकार और प्रतिरक्षा कमी की स्थिति में भी रक्त दाता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है राष्टीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ हर्षा चचाने छात्राओं को संबोधित करते हुए हम सभी को आवश्यकता अनुसार रक्तदान करना चाहिए यह हर भारतीय का कर्तव्य है इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा छात्राओं को रक्तदान की शपथ दिलाई गई एनसीसी अधिकारी डॉक्टर संगीता पारे द्वारा रक्तदान में सहयोग करने वाली छात्राओं का उत्साहवर्धन किया एवं अन्य छात्राओं को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया डॉ रीना मालवीय एवं एनसीसी अधिकारी डॉक्टर संगीता पारे के मार्गदर्शन में एनसीसी की छात्रा एस यू ओ वैष्णवी राजपूत ,यू ओ रक्षा कलोसिया एवं सार्जेंट दीप्ति ठाकुर ने जिला चिकित्सालय में जाकर रक्तदान किया इस अवसर पर सूबेदार मेजर बीआर चंदेल ट्रेनिंग जेसीओ गुलाब ,सूबेदार स्वर्ण सिंह बीएचएम जोगिंदर सिंह सूबेदार राजकुमार एवं बटालियन के सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया महाविद्यालय की राष्टीय सेवा योजना की स्वयंसेवी कुमारी पूजा गोस्वामी श्रुति शिवानी एवं NCC cadets शिवानी चौरे सपना राजपूत संजना चौरे पूनम यादव शिवानी सिसोदिया एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए जुलाई सत्र 2022 हेतु प्रवेश प्रारंभ

**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।।** इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए जुलाई सत्र 2022 हेतु प्रवेश प्रारंभइन्दिरा गाँधी राष्टीय मुक्त विश्वविद्यालय, द्वारा संचालित लगभग 230 से भी अधिक अकादमिक पाठ्यक्रमो में जुलाई सत्र 2022 के लिए प्रवेष प्रारंभ किया गया हैं। इस सत्र हेतु प्रवेष प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन रखी गई हैं और इच्छुक विद्यार्थी सरलता पूर्वक अपने प्रमाण पत्रों को अपलोड कर तथा डिजिटल माध्यम से शुल्क का भुगतान कर, इग्नू जो कि नेक द्वारा । का सर्वोच्च ग्रेड प्रदत्त् विशवविद्यालय हैं उसमें प्रवेष प्राप्त कर सकते हैं। डॉ श्रीमती कामिनी जैन प्राचार्य शासकीय गृहविज्ञान महाविद्यालय एवं इग्नू अध्ययन केन्द्र क्र. 15229 नर्मदापुरम ने बताया कि इग्नू ने कुछ नए पाठयक्रम भी प्रारंभ किए हैं जो युवाओं एवं अन्य षिक्षार्थियों के कौषल विकास तथा ज्ञान संवर्धन में लाभदायक होंगें। स्नातक स्तर पर चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के अंतर्गत, 14 विधाओं में सामान्य स्नातक तथा 14 विषयों मे ऑनर्स उपाधि के साथ स्नातक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।








# डॉ हरेन्द्र हर्ष जी को प्रेरणा का मार्गदर्शक व सचेतक मनोनीत किया गया

## ( हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु हम संकल्पित है- गुरुदीन वर्मा आजाद,)

**जबलपुर।** प्रेरणा हिंदी प्रचारणी सभा ने बुलंदशहर के सुप्रसिद्ध कहानीकार डॉ हरेन्द्र हर्ष जी को दिनांक 10.06.2022 को प्रेरणा स्रोत श्री धर्म प्रकाश वाजपेयी जी की सहमति व राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह किरार जी की अनुशंसा पर संस्था का मार्गदर्शक व सचेतक मनोनीत किया है। डॉ हरेन्द्र हर्ष जी पत्रिका बुलंद प्रभा के संपादक है उन्होंने विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं एवं



समाचार पत्रों में साहित्य सेवा दी है। उनकी प्रेरणादायक कहानियां समाज को नई दिशा व प्रेरणा प्रदान करती है। विदित हो कि प्रेरणा हिंदी प्रचार सभा में साहित्य मनीषियों कवियों कवित्रियों के जुड़ने का सिलसिला जारी है। डॉ हरेन्द्र हर्ष जी प्रेरणा के माध्यम से हिंदी प्रचार प्रसार में संलग्न है। उनके हिंदी प्रेम से रचनात्मक कार्यों को निरंतर ऊर्जा मिलती है। डॉ हरेन्द्र हर्ष जी को प्रेरणा हिंदी प्रचार सभा का मार्गदर्शक व सचेतक मनोनीत किए जाने पर सर्वश्री मीडिया प्रभारी चर्चित कवि गुरुदीन वर्मा आजाद, अजय पांडेय जी साहित्कार पत्रकार अध्यक्ष उत्तर भारत, प्रशासन मंडल के एन.के. सरस्वती जी, हिंदी सेवी प्रेरणा सभा के सलाहकार अनिल शुक्ला जी, प्रदीप




मिश्रा अजनबी सुप्रसिद्ध कवि, मनोहर सिंह चौहान मधुकर वरिष्ठ कवि, कवि रामसिंह, डॉ कुसुम चौधरी, अन्नपूर्णा पवार आहूति, शिरीष नंदन श्रीवास्तव, जी. विजय कुमार, बलराम यादव, हरिकांत अग्निहोत्री, राहुल शामकुवर, कृष्ण मुरारी लाल मानव, किशनलाल अग्रवाल आदि ने बधाई दी है। प्रेरणा हिंदी प्रचार सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी ने कहा कि हम हिंदी को विशिष्ट पहचान दिलाने हेतु सतत कार्य कर रहे है जिसका परिणाम है कि स्वेच्छा से लोग जुड़कर हिंदी सेवा हेतु अपना योगदान दे रहे है।

# मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल ने राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का किया शुभारंभ

## 'बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों का किया गया सम्मान'

**कोरिया।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर में अपने निवास कार्यालय से राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का शुभारंभ किया। प्रदेश के सभी जिलों से जिला स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राएं इस वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सभी बच्चों को नए शिक्षण सत्र में बेहतर पढ़ाई करने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्कूलों में बच्चों को रचनात्मकता से पूर्ण बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदाय करने की बात कही। उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं से नए शिक्षण सत्र के शुभारंभ, शाला प्रवेशोत्सव को सार्थक बनाते हुए नई ऊर्जा और नए संकल्प के साथ शिक्षादान के कार्य में पूरे समर्पण से जुट जाने को प्रेरित किया। कोरिया जिले में बैकुंठपुर के रामानुज हायर सेकंडरी स्कूल हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक श्रीमती अम्बिका सिंहदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री वेदांती तिवारी, नगरपालिका बैकुंठपुर अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्री कुणाल दुदावत एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षा






विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण सहित स्कूली छात्र-छात्राएं एवं परिजन उपस्थित रहे। 'नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल, फूलमाला और स्कूल बैग देकर किया गया स्वागत' जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्राथमिक और माध्यमिक शाला से नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल, फूलमाला और स्कूल बैग देकर स्वागत किया गया।

खुशी और उल्लास से भरे इस कार्यक्रम में बच्चे बेहद उत्साहित दिखे। बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गयी। 'बच्चे हमारा भविष्य, उनकी बेहतर शिक्षा के लिए हर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी - संसदीय सचिव एवं विधायक' संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक श्रीमती अम्बिका सिंहदेव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे हमारा भविष्य हैं। उन्हें बेहतर शिक्षा के लिए हर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं के परिजनों से बच्चों की शिक्षा में अपनी सक्रिय सहभागिता देने की बात कही। 'बच्चों में असीम क्षमता, इस क्षमता को उभारने का प्रयास करें - कलेक्टर' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि बच्चों में असीम क्षमता और प्रतिभा है। ज़रूरत है इस क्षमता को पहचानकर दिशा देने की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की पूरी टीम बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं देने का हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने परिजनों को भी बच्चों की शिक्षा पर पूरा ध्यान देने की अपील की।

# भोपाल राजधानी के फंदा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत परवलिया मे भारी भ्रष्टाचार जिला कलेक्टर से जाँच कराने की मांग






**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल मोबाइल 8878054839**

भोपाल। भोपाल परवालीय पंचायत मे पी एच ई बिभाग के इंजीनियर एवं आरी एस ग्रामीण यांत्रिक सेवा के इंजीनियर व सरपंच सचिव की मिली भगत से चेक डेम स्टाफ डेम सामूदायिक भवन निर्माण कार्य ग्रेवल रोड निर्माण कार्य नल जल योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत परवलीया मे भारी भ्रष्टाचार किया गया है मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश संयोजक श्री शिव प्रसाद अहिरवार ने एक प्रेस नोट जारी कर बताया है कि परवलिया पंचायत के अंतर्गत आने वाले शाहपुर मे ग्रामीण वासियो के लिए पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है जिसके चलते ग्राम वासीयों को बुंद बुंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है मध्यप्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार के द्वारा नल जल योजना के अंतर्गत ग्राम वासीयों को घर घर पानी देना का सरकार डिडोरा पीट रहीं हैं ! कांग्रेस नेता शिवप्रसाद अहिरवार ने बताया है की शाहपुर गॉव मे टियूब बैल खनन कर अनुमानित 400 फिट बोर कराया गया है लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि बोर मे पानी नही है ओर मोटर डालदी गई है कांग्रेस नेता शिवप्रसाद अहिरवार ने बताया है की जब बोर मे पानी नही था तो मोटर क्यूँ डाली गई इसकी उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए जो फर्जी वाडा कर पैसे का गमन किया गया है ! कांग्रेस नेता श्री अहिरवार ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत नवीन तालाब शाहपुर मे 15 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य किया गया है जिसकी कार्य आईडी 178002014/22012034325817 है कार्य प्रारंभ 23/05/17 मे हुआ था कार्य की लंबाई 90 मीटर बताई जा रही जिस खसरे मे 15 लाख रुपये की लागत से डैम तालब निर्माण किया गया है वह डैम पुर्व मे एक निर्माण धीन कंपनी ट्रांसटाय के द्वारा रोड निर्माण कार्य के लिए कोपरा निकाला गया था उसी खुदे हुए डैम को नवीन तालाब दर्षा कर सरपंच सचिव इंजीनियर के द्वारा तालाब में एक मुंडेर बनाकर 15 लाख रुपये की बंदर बाँट लगादी गई है इसी के सॉथ शाहपुर सरकारी स्कूल के पास तालाब निर्माण कार्य किया गया है उममे भी बडे पैमाने पर फर्जी वाडा किया गया हैं।

## फूल और कांटे

जिसको उंगली पकड़कर,
चलना सिखाया।
जिसकी झोपड़ी में,
दीया जलाया।
जिनके राहों में ,
फूल बिछाये।
वोही खंजर लेकर,
मेरे द्वार आया।

जिसको मैंने अपना समझा
जिसको प्रेम लुटाया,
ढाई आखर प्रेम का
पाठ पढ़ाया।
वोही खंजर लेकर,
रहिमन धागा तोड़ने आया।

उलझनों को सुलझाया,
अंधकार में दीपक जलाया।।
कर्म भूमि का पाठ पढ़ाया,
संघर्षों का पाठ पढ़ाया।
वोही मेरे द्वार,
दीपक बुझाने आया।।

जिसको मैंने पलकों में छिपा,
जीवन फूलों से सजाया,
खुद हलाहल पीकर,
अमृत पिलाया।
वोही लूघडा लेकर।
कवि अंशु की महफ़िल,
जलाने आया।



अंशु कवि
नारायण मासाब
नर्मदा पुरम होशंगाबाद

# गुरुदीन वर्मा आजाद प्रेरणा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नियुक्त




**जबलपुर।** मध्यप्रदेश– राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित संस्था प्रेरणा हिंदी प्रचार सभा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए सतत कार्य कर रही है। किसी भी कार्य में प्रचार तंत्र की भूमिका अहम होती है जिसे विशाल व्यक्तित्व के धनी कवि श्री गुरुदीन वर्मा आजाद मीडिया प्रभारी के रूप में निभा रहे है। उनकी प्रेरणादायक कार्यक्षमता को देखते हुए कवि संगम त्रिपाठी ने श्री धर्म प्रकाश वाजपेयी जी, शिवेश्वर दत्त पाण्डेय जी, श्री रुपेश कुमार सिंह, श्री अशोक गोयल जी के आशीर्वाद से राष्ट्रीय प्रवक्ता दिनांक 15.06.2022 को नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह किरार व राष्ट्रीय प्रवक्ता जयदीप खरे जी ने कहा कि चर्चित कवि गुरुदीन वर्मा आजाद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर हिंदी का चहुंमुखी प्रचार होगा।

## आजादी

ये आजादी मुझे गुलामी ही
लगती है
मालिकों की,अदला बदली है
सलामी लगती है
कुछ लोग उच्च है
बहुत लोग तुच्छ है
जाति ही सर्वोच्च है
फिर कैसे कहे हम
कि हम आजाद हैं
मुझे आज भी यह आजादी
गुलामी लगती है
मालिकों की अदला-बदली है
सलामी लगती है
सरहद पर हम सब एक हैं
देश में क्यो जाति अनेक हैं
अन्न उगाने वाला किसान
सरहद पर मरने वाला जवान
किसान भुमि पर पसीना बहाता
है जवान सीमा पर खुन बहाता है
किसान के उगाये अन्न पर
क्या जाति, धर्म का नाम है
सरहद पर जवानों के बहाये
लहु पर जाति, धर्म का नाम है
तो देश के अंदर,क्यो?
जाति, धर्म का पहरा है
क्यो सभी महानता पर , उच्च
जातियों के माथे का सेहरा है
आज भी शोषितों के शोषण का
यह आलम है
देश में उच्च-नीच ही बड़े
सुर्ख़ियों का कालम है
तभी तो यह कहना पड़ता है
यह आजादी मुझे गुलामी ही
लगती है
मालिकों की अदला-बदली है
सलामी लगती है
तालाबों के घाटों में
गांवों के गलियारों में
उच्च- नीच का
अलग-अलग निस्तार है
दिन-प्रतिदिन इस पर
होता और विस्तार है
जाति-धर्म के नाम पर
होता बहुत अत्याचार है
हजारों वर्षों से यह आलम
क्यो? लगातार हैं
जिस दिन देश में
जातियों का विनाश होगा
उस दिन ही देश में
नये समानता रुपी
नवप्रकाश होगा
हर तरफ समानता होगी
हर तरफ मानवता होगी
आर्थिक, सामाजिक
धार्मिक, राजनैतिक
सभी क्षेत्रों में सब समान होंगे
तब हम ,सब मिलकर कहेंगे
हां,हम स्वतंत्र है
हां,हम आजाद हैं



विचार क्रांति
हरीश पांडल

# महिलाओं के सेवा अभियान ने बदली समाज की तस्वीर-चम्पा देवीसमाज सेवा करने वाली नारीशक्ति सम्मान की हकदार-देवेन्द्र तिवारीपोषण समिति ने किया महिलाओं का सम्मान

**सोनहत।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ पोषण अभियान समिति के प्रदेश संयोजक श्रीमती हर्षिता पांडेय के कुशल नेतृत्व में पूरे राज्य में पोषण अभियान कार्यक्रम चल रहा है। इसी क्रम में कोरिया जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में सोनहत मंडल के ग्राम केशगंवा में स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं मितानिनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चम्पा देवी पावले एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र तिवारी ,मण्डल अध्यक्ष ईश्वर राजवाड़े प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती पावले ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह जी ने विभिन्न माध्यमों से समाज का नेतृत्व एवं सेवा का अवसर महिलाओं को प्रदान किया। स्व सहायता समूह के माध्यम से स्वरोजगार योजना, मितानिन योजना के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा, और अन्य कई तरह के अवसर प्रदान किये गए।उसका सीधा







असर दिख रहा है कि गर्भवती माताओं व शिशुओं के मृत्यदर बिल्कुल कम हो गयी। महिलाओं एवं।बच्चों के स्वास्थ्य में निरंतर सुधार हुआ। लेकिन आज कांग्रेस की सरकार उन योजनाओं का ढंग से क्रियान्वयन नहीं कर पा रही है। जिससे आमजन परेशान हैं। श्रीमती पावले ने मोदी सरकार के आठ वर्षों के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान पर प्रकाश डाला। केंद्र सरकार ने सुपोषण पर जोर देते हुए लगातार इस पर बेहतर कार्य किये हैं। कोविड के वैश्विक महामारी में भी केंद्र ने सभी को की चिंता की है। पूर्व जिपं सदस्य एवं पोषण अभियान समिति के सदस्य देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि जी महिलाएं अपने घरेलू काम को निपुणता से करते हुए निरंतर समाज की सेवा में जुड़ी हैं और अपना बहुमूल्य समय देकर स्वस्थ व मजबूत समाज का निर्माण कर रही हैं, वही सम्मान की पहली हकदार हैं।

Happy birthday
गायत्री मूलचंद मेंधोनिया जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं एवं अंकल जी एवं आंटी जी के लिए मैं ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य दीर्घायु एवं जीवन की मंगल कामना करता हूं।



# कांग्रेस नेता अमित सेनगुप्ता का इस्तीफा




**राजनगर।** युवा कांग्रेस अनुपपुर से जिला महासचिव के पद पर निर्वाचित कांग्रेस नेता अमित सेन गुप्ता द्वारा संगठन के समस्त पदों एवं दायित्वों से इस्तीफा दे दिया गया है। अमित ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से अपने इस्तीफे की जानकारी को साझा की है। हमारे संवाददाता ने जब अमित से बात की तब उन्होंने इस इस्तीफे की वजह के लिए क्षेत्रीय नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया, उन्होंने बतलाया कि कांग्रेस संगठन से उन्होंने वार्ड क्रमांक 5 भगत सिंह वार्ड से पार्षद के टिकट के लिए मांग की थी जिस पर मौजूदा कांग्रेस संगठन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उनकी दावेदारी को कमजोर करने के लिए उन्ही के समर्थक कार्यकर्ताओं को उन्ही के खिलाफ खड़ा करने का कुप्रचार किया जा रहा था जिससे वे आहत होकर यह कठिन एवं कठोर निर्णय लेने पर मजबूर हुए। अमित ने बतलाया कि किसी दूसरे दल में जाने का उनका फिलहाल कोई विचार नहीं है तथा वह निर्दलीय प्रत्यासी के रूप में चुनाव में दम लगाने की योजना के लिए प्रयासरत है। विदित हो कि अमित सेनगुप्ता क्षेत्र के पत्रकारिता जगत का एक उभरता हुआ बड़ा नाम है जो एक पत्रकार के रुप में अपने आप को मजबूती से स्थापित कर चुके है।



# घुमक्कड़ समाज भी भारतीय समाज का अभिन्न अंग है ब्यावरा विधायक

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल मोबाइल 8878054839**

ब्यावरा। राजगढ़ बाईपास पर निवासरत घुमक्कड़ जाति के लोग काफी लंबे समय से मूलभूत सुख सुविधाओं की आवश्यकताओं के अभाव में अपना जीवन यापन कर रहे थे ब्यावरा शहर के नेशनल हाईवे ए बी रोड राजगढ़ बाईपास पर रहने वाले घुमक्कड़ समाज के लोगों को मूलभूत सुख सुविधाओं की आवश्यकताओं आभाव में अपने जीवन यापन करने को मजबूर थे और पेयजल गंदगी व रोड पर होने वाले कीचड़ से परेशान थे।जिस पर आज घुमक्कड़ समाज के लोगों के द्वारा ब्यावरा विधायक श्री रामचंद्र दांगी जी के निवास स्थान विधायक कार्यालय में जाकर अपनी मूलभूत समस्याओं से ब्यावरा विधायक श्री रामचंद्र दांगी जी को अवगत कराया गया जिस पर माननीय विधायक श्री रामचंद्र दांगी जी ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए मौके पर पहुंचकर चार डंपर मुरम और शीतल पेय हेतु नियमित स्थाई नल की व्यवस्था करवाई गई और साथ ही साफ सफाई की उचित व्यवस्था के लिये माननीय विधायक ब्यावरा श्री रामचंद्र दांगी जी ने ब्यावरा नगर पालिका परिषद को दिशानिर्देश जारी किए गए और कहा कि तत्काल विद्युत व्यवस्था करवाई जाए बारिश में यहां लोगों को आने जाने में असुविधा ना हो ब्यावरा विधायक श्री रामचंद्र दांगी जी के द्वारा यह भी बताया गया है कि नगरपालिका अधिनियम 1961 के अंतर्गत नगर निकाय की सीमा में निवासरत समस्त नागरिकों के द्वारा पांच प्रकार के शुल्क नगर निकायों को प्रदान किए जाते हैं 1,, भवन शुल्क,,2,, भूमि शुल्क,,3,, हॉट बाजार बैठक शुल्क,,4,, जल शुल्क,, और 5,, नगर निकाय के द्वारा अपने स्वयं के व्यय से निर्मित शासकीय दुकानों को पहाड़ी पर दिए जाने के पश्चात हर महीना किराए के रूप में धनराशि नगर निकाय को प्राप्त होती है वाह धनराशि भी शुल्क की श्रेणी में आती है किंतु नगर पालिका अपने स्वयं के विभाग के अधिनियम के अंतर्गत पांच प्रकार के शुल्क तो प्राप्त करती है लेकिन वासु को प्राप्त करने के बाद अपने नागरिकों को कितने प्रकार की सुख सुविधा उन्हें उपलब्ध कराना चाहिए इस पर नगरपालिका ने आज तक अपने नागरिकों को उनके अधिकारों से अवगत नहीं कराया है ब्यावरा नगर पालिका परिषद कांग्रेस की बनती है तो ब्यावरा विधायक स्वयं नगरपालिका अधिनियम 1961 के अंतर्गत नागरिकों को प्रदान किए गए अधिकारों से स्वयं अवगत कराएंगे नागरिकों को कितने अधिकार प्राप्त है समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए घुमक्कड़ समाज के लोगों ने माननीय ब्यावरा विधायक श्री रामचंद्र दांगीजी को तहे दिल से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

## भोपाल और ग्वालियर में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन आज

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय चुनाव में शुक्रवार से शक्ति प्रदर्शन के साथ चुनाव प्रचार प्रारंभ करेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भोपाल और ग्वालियर की महापौर प्रत्याशियों का आवेदन दाखिल कराया जाएगा। इधर, भोपाल में कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी विभा पटेल भी शुक्रवार को ही अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी, इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ मौजूद रहेंगे। रैली के साथ कांग्रेस प्रत्याशी 12 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचेंगी। स्थानीय निकाय चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की उपस्थिति में भोपाल एवं ग्वालियर की महापौर प्रत्याशी शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। ग्वालियर में नामांकन के दौरान केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं प्रदेश के गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा भी उपस्थित रहेंगे। सबनानी के मुताबिक मुख्यमंत्री और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शर्मा की उपस्थिति में 17 जून को प्रातः 11 बजे भोपाल महापौर प्रत्याशी मालती राय नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

## इंदौर में अग्निपथ योजना के खिलाफ रेलवे ट्रैक पर हंगामा, ट्रैन रोकने की थी योजना

**इंदौर।** शहर में अग्निपथ परीक्षा भर्ती को लेकर भागीरथपुरा रेलवे स्टेशन पर जमकर हंगामा। मौके पर बड़ी संख्या में अनेक थानों का फोर्स भेजा गया है। हंगामा कर रहे छात्र ट्रैनों पर भारी पथराव किया। बलवाकारियों ने कई गाड़ियां फोड़ दी। पुलिस के अनुसार भारी संख्या में छात्र भगीरथपुरा रेलवे क्रासिंग पर पहुंच गए थे। इन छात्रों की योजना ट्रेन को इसी ट्रैक पर रोकने की थी। जैसे ही पुलिस को इस बात की सूचना मिली वह तुरंत ही मौके पर पहुंची। भारी संख्या में आस-पास के थानों का पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचाया गया। जैसे ही प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को देखा, तो उन्होंने ट्रैक पर से पत्थर उठाए और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव के दौरान वहां से गुजर रही कुछ गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा। पथराव के बाद पुलिसकर्मियों ने बल प्रयोग कर इन प्रदर्शनकारियों को ट्रैक पर से खदेड़ दिया। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को भी चोटें लगीं हैं।



## गांजा बेचते महिला पकड़ाई, 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद

**पटना पुलिस की कार्यवाही।**



**कोरिया।** जिले के पटना थाना अंतर्गत अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक महिला को 1 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पटना सौरभ द्विवेदी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कोरिया प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्यवाही का निर्देश लगातार दिया जा रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिहं एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बैकुण्ठपुर नेलसन कुजूर के द्वारा भी समय-समय पर दिये जा रहे अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिये राज्य स्तरीय अभियान के तहत दिये गये निर्देशों के पालन में पटना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ की बिक्री करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी दौरान 10 जून 2022 को पटना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला गांजा की बिक्री कर रही है। जानकारी मिलते ही पटना पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए ताराबाई पति गंगाराम साहू उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम खोडरी कोसमपारा, थाना पटना जिला कोरिया को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 200 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा तथा बिक्री रकम बरामद कर लिया गया है। आरोपिया के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी पटना सौरभ द्विवेदी ने आश्वस्त किया है कि पुलिस द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ, नशीली दवा के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सौरभ कुमार द्विवेदी, सउनि लवांग सिंह, आरक्षक प्रमीत सिंह, विनोद तिवारी, कन्हैया लाल उईके, महिला आरक्षक अन्ना टोप्पो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कोयलांचल में लम्बे समय से चल रहा था सट्टे का कारोबार

- स्थानीय पुलिस कार्यवाही में रही नाकाम।
- पुलिस अधीक्षक की पहल पर हुई कार्यवाही।
- 7 आरोपी सट्टा पट्टी सहित पकड़ाये।




**कोरिया/मनेन्द्रगढ़।** जिले के झगराखाण्ड थाना अंतर्गत लंबे समय से अवैध सट्टा पट्टी का कारोबार चल रहा था। स्थानीय पुलिस ने जब इस पर कोई कार्यवाही नहीं की तो पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने मामले में संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करने का निर्देश दिया जिसके बाद आनन-फानन में थाना प्रभारी झगराखाण्ड प्रधुम्न तिवारी ने 7 लोगों पर सट्टा पट्टी काटने का मामला दर्ज कर लिया। आपको बता दें कि झगराखाण्ड थाना क्षेत्र अंतर्गत झगराखाण्ड, लेदरी, खोगापानी में सटोरियों के द्वारा सट्टा पर्ची काटकर और मोबाइल व्हाट्सएप के माध्यम से सट्टा खिलवाने की शिकायतें मिल रही थी। मगर झगराखाण्ड थाने की पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठे रही जब इस बात की जानकारी पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर को हुई तो उन्होंने तत्काल थाना प्रभारी को प्रभावी कार्यवाही करने को निर्देशित किया। कोरिया जिले के पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के द्वारा सटोरियों के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिऐ जाने पर एसडीओपी मनेन्द्रगढ़ राकेश कुर्रे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी झगराखाण्ड प्रद्युम्न तिवारी के द्वारा तीन अलग-अलग पुलिस टीमें बनाकर एक साथ झगराखाण्ड और खोंगापानी क्षेत्र में सटोरियों के सट्टा पर्ची काटने के अड्डों पर दबिश देकर कार्यवाही की गई। पुलिस टीम ने कार्यवाही के दौरान जमाल खान पिता अब्दुल वाहिद उम्र 34 वर्ष, रहमान खान पिता सफी मोहम्मद उम्र 62 वर्ष ,भरत लाल पिता रंगलाल 63 वर्ष, अरुण पनिका पिता सुदर्शन पनिका उम्र 30 वर्ष, सभी निवासी झगराखाण्ड बसंत पिता जगजीवन केवट उम्र 40 वर्ष निवासी नई लेदरी एवं ब्रजमोहन पिता विष्णु प्रसाद 26 वर्ष निवासी पक्का धौड़ा खोगापानी कैलाश पिता भैयालाल उम्र 41 वर्ष कोल दफाई खोगापानी कुल 7 सटोरियों को रंगे हाथों सट्टा पर्चियां काटते हुए अलग-अलग स्थानों से पकड़ लिया। पकड़े गये सटोरियों के कब्जे से सट्टा पट्टी, सट्टा चार्ट, डाटपेन,एवं सट्टा नंबरों पर दांव मे लगाई गई 14, 270 रुपये नकद रकम बरामद कर जप्त कर लिया गया। सटोरियों के विरुद्ध धारा 4 (क) जुआ एक्ट के अंतर्गत अलग अलग प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रद्युमन तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक बलराम चौधरी, रघुनाथ मरावी एवं चौकी खोगापानी प्रभारी जे. डी. कुशवाहा, आरक्षक आंनद कुर्रे,दीप तिवारी, कमलेश साहू,अमित सिंह,संजय यादव, अमित जैन, समीर राय, सैनिक उमाशंकर मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस और प्रशासन सतर्क, निकाला फ्लैग मार्च

**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अनूपपुर सुश्री सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अखिल पटेल के निर्देशन पर आगामी त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 को शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु फ्लैग मार्च हेतु निर्देशित किया गया था। इसी अनुक्रम में अनुभाग पुष्पराजगढ़ के थाना राजेंद्रग्राम, एवं अमरकंटक में फ्लैग मार्च किया गया। आज दिनांक 12 जून 22 को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर थाना अमरकंटक एवम राजेंद्र ग्राम क्षेत्र में फ्लैग मार्च पुलिस व प्रशासन के संयुक्त दल द्वारा निकाला गया। जिसमें अमरकंटक थाने से फ्लैग मार्च प्रारंभ कर ग्राम पौड़ी पोड़की, भेजरी, बहपुर, नोन घाटी, हर्रई



मोहंदी,खाटी,खजूरबार,बिलासपुर, सरवाही, दमेहड़ी, धोबगढ़, खेतगांव, पौनी, लीलाटोला, बेलडोंगरी, देवरा, बम्हनी, गिरारी, धीरुटोला, लखौरा,, कोहका, होते हुए किरगी, राजेंद्रग्राम थाने में समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च के दौरान मतदान से संबंधित जागरूकता, आदर्श आचार संहिता का पालन करने तथा धारा 144 के संबंध में आम जनता को अवगत कराया गया। फ्लैग मार्च में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अभिषेक चौधरी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुश्री सोनाली गुप्ता, नायब तहसीलदार नीलेश धुर्वे मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद अमरकंटक श्री चैनसिंह परस्ते थाना प्रभारी राजेंद्र ग्राम श्री नरेंद्र पाल थाना प्रभारी अमरकंटक श्री मनोज दीक्षित, चौकी प्रभारी सरई श्री बीएल परस्ते, अन्य प्रशासन तथा पुलिस के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# राजस्व विभाग को गुमराह कर रहे भूमाफिया

## शासन के राजस्व को पहुंचा रहे भारी क्षति



**कोरिया।** शासकीय नियमों की अनदेखी कर मनमानी रवैया अपनाते हुए जमीनों की खरीदी बिक्री में लिप्त भूमाफिया इतने मदमस्त हो चले हैं कि इन्हें जमीनों की खरीदी बिक्री के लिए जारी शासन की तमाम गाइडलाइन एवं नियम व शर्तो से भी कोई लेना देना नहीं रह गया है ,अपने आप को पाक साफ बताने वाले इन भू माफियाओं द्वारा शासन को गुमराह करते हुए बिना नगर निवेश की अनुमति, बिना नशा स्वीकृति के ही मनमाने ढंग से निर्माण कार्य कर दिया गया है। यहां तक की राजस्व विभाग को गुमराह करते हुए वेबसाइट प्रयोजन का नक्शा पास करवाते हुए रिहायशी कॉलोनी बनाकर मकान बेचने की जुगत भी लगाई जा रही है। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदिका श्वेता पोद्दार पत्नी रघुनाथ पोद्दार निवासी विवेकानंद चौक मनेंद्रगढ़ द्वारा मनेंद्रगढ़ तहसील ग्राम चैनपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 370 / 4 रकवा 0.0 70 हेक्टेयर में से 950 वर्ग फुट पर बिना अनुमति मकान निर्मित कर उसे बेचने की अनुमति अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेंद्रगढ़ से मांगी गई थी किंतु अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जांच के दौरान पाया गया कि उक्त भूमि का व्यवसायिक डायवर्सन आवेदक द्वारा प्राप्त किया गया है साथ ही इस भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर कई मकानों को निर्मित कर शासकीय नियमो की अवहेलना कर बेचने का प्रयास किया जा रहा है। नजूल राजस्व निरीक्षक द्वारा अपने प्रतिवेदन में भी इस बात की पुष्टि की गई है की उपर्युक्त आवेदक द्वारा कॉलोनाइजर का किसी भी प्रकार का रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है साथ अनुमति प्राप्त करने के लिए उनके द्वारा लगाए गए ले आउट नक्शे में नगर निवेश कार्यालय द्वारा मंजूरी की मोहर नहीं लगाई गई है। उपर्युक्त बातों को ध्यान में रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेंद्रगढ़ द्वारा उपर्युक्त भूमि की बिक्री हेतु मंजूरी नहीं देने की अनुशंसा कलेक्टर कोरिया से की गई है। निश्चित तौर पर यह पहला मामला नहीं है जिसमें भू मालिकों द्वारा शासकीय नियमों को ताक में रखकर प्लॉटिंग हुआ भवन निर्मित कर बेचा जाता रहा है इस प्रकार से भूमि की अवैध बिक्री के कारण शासन को राजस्व की भारी क्षति होती है, शासन प्रशासन को चाहिए कि ऐसे भू माफियाओं के खिलाफ सख्ती से पेश आएं ताकि क्रेता को बाद में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न झेलनी पड़े।

### इनका कहना है-

शासकीय नियमों की पूर्ति के अभाव में किसी भी भूमि के बिक्री हेतु मंजूरी देना संभव नहीं है÷

**नयनतारा सिंह तोमर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेंद्रगढ़**

## नागपुर और इसके आसपास के 20 गांवों की बुझेगी प्यास

# आम जन की पेयजल समस्या के समधान के लिए राइजर पाइप के ज़रिए किया जा रहा है हैंडपम्प सुधार

**'स्थायी जल प्रदाय सुनिश्चित करने जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाई समूह जल प्रदाय योजना में जोड़ा जाएगा, मिली प्रशासकीय स्वीकृति, निविदा स्तर पर कार्यवाही जारी'**





**कोरिया।** नागपुर एवं इनके समीपस्थ 20 अन्य पेयजल समस्या ग्रस्त ग्रामों में स्थायी जल प्रदाय सुनिश्चित करने के लिये जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाई समूह जल प्रदाय योजना में इन गांवों को जोड़ा जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कार्यपालन अभियंता पीएचई ने बताया कि नागपुर में 42 हैण्डपम्प स्थापित है जिसमे से 40 हैण्डपम्प चालू है। गांव के जल स्तर अत्याधिक कम होने के कारण चालू हैण्डपम्प रूक-रूक कर पानी दे रहे हैं जिससे पेयजल आपूर्ति हो रही है। आम जन की समस्या का समाधान करने के लिए हैण्डपम्पों में राईजर पाईप 130 फीट बढ़ाया जा कर जल प्रदाय करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नागपुर के रेलवे स्टेशन से नागपुर चौक के क्षेत्रों में चिरमिरी आर्वधन जल प्रदाय योजना से जल प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागपुर एवं इनके समीपस्थ 20 अन्य पेयजल समस्या ग्रस्त ग्रामों में स्थायी जल प्रदाय सुनिश्चित करने के लिये जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाई समूह जल प्रदाय योजना लागत 20.43 करोड़ रूपये की तैयार की गई है। जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुका है जिसकी निविदा की कार्यवाही की जा रही है।

**लाई समूह जल प्रदाय योजना में शामिल ये सभी गांव** - ग्राम बरबसपुर को जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाई समूह जल प्रदाय योजना में सम्मिलित किया गया है। वर्तमान में ग्राम बरबसपुर में 47 हैण्डपम्प स्थापित हैं जिसमें 46 हैण्डपम्प चालू है एवं 1 हैण्डपम्प बंद है, जिसका सुधार कार्य कराया जा रहा है। ग्राम बरबसपुर में भू-जल स्तर गिरने की समस्या नही है जिसके कारण पेयजल आसानी से उपलब्ध है। इसी तरह ग्राम सोनवर्षा में 27 हैण्डपम्प है तथा कछार पारा में 04 हैण्डपम्प स्थापित है, एवं इसके अतिरिक्त लगभग 04 माह पूर्व इसी ग्राम के परसापारा में 01 नवीन हैण्डपम्प स्थापित कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम लाई, सेमरा, बंजी, हर्रा, एंव चिरईपानी में क्रमशः 45, 43, 07, 45, 13 हैण्डपम्प स्थापित एवं चालू है। इन ग्रामों में भू-जल स्तर गिरने की समस्या नही है। हैण्डपम्पों से पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इन सभी ग्रामों को स्थायी जल प्रदाय करने के लिये जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाई समूह जल प्रदाय योजना में शामिल किया गया है।

**जगतपुर में मनरेगा के कूपों को आधार मानकर जलापूर्ति की योजना तैयारः** विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम जगतपुर में 06 हैण्डपम्प स्थापित है एवं चालू है। पहाड़ी पर स्थित ग्राम जगतपुर का बारबांध पारा में मनरेगा के द्वारा निर्मित कूप से बसाहट के लोग पानी ले रहे है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत इन्ही कूपों को आधार मानकर योजना तैयार की गई है जिससे स्थायी रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा

## बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस पर पथराव, उपद्रवी छात्रों ने बोगी फूंकी

**बिहार।** केंद्र सरकार ने गुरुवार रात एक बड़ा फैसला लेते हुए अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर 23 वर्ष कर दी है। इस योजना के तहत भर्ती की न्यूनतम आयु 17.5 वर्ष और अधिकतम आयु 21 वर्ष है, लेकिन इस वर्ष के लिए अधिकतम आयु सीमा में दो वर्ष की छूट दी गई है। योजना के बढ़ते विरोध के बीच सरकार ने इससे जुड़े तथ्य भी स्पष्ट कर दिए हैं। योजना को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम और आलोचना को खारिज करते हुए सरकार ने कहा है कि न तो सेना के रेजिमेंटल सिस्टम में कोई बदलाव होने वाला है और न ही सेना की क्षमता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने वाला है। यह योजना युवाओं के साथ-साथ सेना के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होगी, क्योंकि चार साल की सेवा के बाद मिलने वाले आर्थिक पैकेज से युवाओं के पास अपना भविष्य संवारने के कई विकल्प होंगे।

# अवैध महुआ शराब बिक्री करते 2 गिरफ्तार, 30 लीटर शराब सहित स्कूटी जप्त






**कोरिया/खड़गवां।** पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा लगातार चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत खडगवां पुलिस को अवैध महुआ शराब का परिवहन करने वाले आरोपियों को पकड़ने में एक और सफलता प्राप्त हुई है। आरोपियों के कब्जे से अवैध महुआ शराब और परिवहन में उपयोग की जा रही स्कूटी को जप्त कर लिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी खड़गवां विजय सिंह ने बताया कि 10 जून 2022 को मुखबिर से सूचना मिली कि चिरमिरी न्यू टिकरापारा में रहने वाला साहिल जायसवाल अपने बिना नम्बर के काला ग्रे रंग की स्कूटी मे अपने साथी पुष्पेन्द्र कुमार सेन के साथ एक सफेद रंग के बैग में अवैध महुआ शराब लेकर अमरपुर सुरमी चौक की तरफ से बंजारीडाड़ मेन रोड होकर चिरमिरी तरफ बिक्री करने हेतु जाने वाले है। मुखबिर की सूचना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिसके बाद पुलिस अधीक्षक कोरिया व अति.पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह तथा नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी पी.पी.सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने बहालपुर बंजारीडाड लोहिन्दीया पुलिया मेन रोड पर घेरा बंदी कर आरोपी साहिल जायसवाल पिता संतोष कुमार जायसवाल उम्र 19 वर्ष निवासी न्यू टिकरापारा थाना चिरमिरी जिला कोरिया और पुष्पेन्द्र कुमार सेन पिता रामजी सेन उम्र 29 वर्ष निवासी कपूर सिह दफाई छोटीबाजार चिरमिरी जिला कोरिया छ.ग. को बिना नंबर की स्कुटी टीवीएस वीगो मे महुआ शराब परिवहन करते पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से एक सफेद रंग के बैग में जिसके अंदर प्लास्टिक की पन्नी का 30 पैकेट महुआ शराब रख कर रबड़ से लपेटकर बांधा गया मिला। प्रत्येक प्लास्टिक पैकेट में लगभग 01-01 लीटर कुल लगभग 30 लीटर हाथ भटठी का बना महुआ शराब कीमत लगभग 3600 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त वाहन बिना नम्बर टीवीएस वीगो कीमत लगभग 35000 रूपये कुल 39600 रूपये को जप्त कर आरोपियों को अपराध क्रमांक 260/2022 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी खडगवां विजय सिंह, सउनि रामबाबू दोहरे आरक्षक रवि शर्मा, मोहम्मद आजाद, हरीश शर्मा, राजेश कुमार,, विनोद सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# कांग्रेस जन टिकट तय होने के बाद एकजुटता का परिचय दें-फुन्देलाल सिंह



**अनूपपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को ने अपने बयान में कहा है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी के निर्देशानुसार निकाय चुनाव के लिए अनूपपुर जिले की नगर पालिका एवं नगर परिषद के पार्षद पद के प्रत्याशियों का आवेदन कांग्रेस द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की टीप के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय प्रेषित किया गया हैं।जहां से कांग्रेस पार्षदों के लिए टिकट तय हो रहा है।उन्होंने समस्त कांग्रेस जनों से अपील की है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार कांग्रेस की टिकट का वितरण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि टिकट तय होने के बाद समस्त कांग्रेस जन एकजुटता का परिचय देते हुए अधिकृत प्रत्याशी को अपना पूरा समर्थन देते हुए अपने अपने नामांकन फार्म वापस ले और कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी को विजय श्री का खिताब दिलाने में जुट जाए। जिला कांग्रेसाध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को ने कहा कि सभी वार्डो से एक से अधिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी से टिकट की मांग की है, लेकिन टिकट एक का ही होगा और आपके बीच का होगा। इसलिए प्रत्याशी चयन के बाद एक बार फिर अपनी निष्ठा का परिचय देकर प्रत्याशी के पक्ष में कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि नगर पालिका एवं नगर परिषद वो संस्था है जहां से हम जनता की सीधे मदद कर सकते हैं और अगर नगर पालिका एवं नगर परिषद में अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी का है तो हम जनता की बढ़ चढ़कर मदद कर सकते हैं।

## पापा साथ नही है

आज मैंने खुद को समझाया फिर अपने आप को बिस्तर से उठाया समय रहते खेत पहुच आया । जल्दी जल्दी करके पम्प की ब्यवस्था खेतों में पानी लगाया के पाप साथ नही हैं। घर पहुँचा माँ से मिला फिर छोटे भाइयों को उठाया उनको बोला कि तुमको पढ़ लिखकर बनना है बड़ा आदमी फिर ये कह कर उन्हें स्कूल जाने के लिए तैयार करवाया मैंने माँ को धीरे से बोला अगर बच गया है थोड़ा सा भी खाना तो दे दो (माँ की ममता) काम पर कैसे जाने दे बेटे को भूखा ले आई कल का खाना उस खाने को खा कर महसूस हुआ के पाप साथ नही हैं। खाना खाने के बाद निकले काम पर काम भी वहाँ कर रहें हैं जो हमारे घर किसी समय पर आते ही अपना दुखड़ा सुनाते थे।जिसकी मदत के लिए पाप



अपना समय और पैसा दोनों लगाते थे उसी ने आज काम पर थोड़ा देर से आने पे खरी खोटी बातें सुनाई जो मेरे घर पर सुबह शाम मदत लेने के लिए हमेशा खड़ा रहता था उस बात को सोच कर बुरा लगा। तब महसूस हुआ कि पापा साथ नही है। काम खत्म होते ही जल्दी से पहुँचा घर माँ ने कहा बेटा कुछ सब्जियां और राशन लेआ मैंने पूछा माँ कुछ पैसे घर मे हैं जवाब मिला कुछ नही है फिर मैंने अपनी जेब ठठोली फिर समझ आया के पापा साथ नही है। थोड़े से पैसों की ब्यवस्था कर मैं पहुँचा बाजार करने घर मे राशन का इंतजाम करने पहली बार खरीद रहा था ऱशान जैसे हमेशा खरीदता था वैसे ही खरीदा राशन लिया आखरी में जब पैसे जुड़वाया। फिर मैंने ही काम पैसे की वजह से आधा समान भी निकलवाया फिर याद आया कि पापा साथ नही हैं।

### दुकानदार ने सामान निकालते देख सहानुभूति जताई

राशन था थोड़ा पर मेरी एक दिन की थी कमाई वहाँ से निकलते समय माँ की बात याद आई आते समय अपने भाइयों को लेते आना स्कूल से और जब पहुच मैं भाइयों के पास स्कूल मुझें देख अध्यापक ने अपने पास बुलाया और ये बात बताया है कि तुम्हारे भाइयों की पिछ्ले महीने का भी फीस बकाया हैं तब मैंने तुरन्त उन्हें ये विश्वास दिलाया नही रहेगा कोई भी फीस आपका बकाया ये बोलते वक्त ये याद आया कि पापा साथ नही है। भाइयों को लेकर मैं घर की तरफ पूछा कि क्या पढ़ा तुम दोनों ने और क्या बनोंगे आगे। भाइयों ने भैया हम माँ का सहारा और आपके कंधे बनेंगे घर मे हो रही जो भी कमी को पूरा करेंगें। पढ़ लिख एक अच्छा इंसान बनेगें इतना सुन मन सन्तुष्ट हो गया। आत्मा को लगा कि पापा की जो सपना अब पूरा हो जायेगा मैं नही पूरा कर पाया वो सपना भाई पूरा करेंगें। रात में खाने का वक्त हुआ सब साथ मे है पर कुछ कमी महसूस हुआ। फिर याद आया अब पाप साथ नही है।

आज मैंने खुद को समझाया फिर अपने आप को बिस्तर से उठाया समय रहते खेत पहुच आया

**लेखक - कैलाश कुमार अहिरवार**

## संपादकीय

### 5जी नेटवर्कः कारोबार और रोजगार में तेजी लाएगा




***5जी स्पेक्ट्रम*** *की नीलामी की घोषणा के साथ केंद्र ने बताया कि देश के 8 तकनीकी विश्वविद्यालयों में घरेलू 5जी तकनीक के परीक्षण तेज कर दिए गए हैं। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के जरिये मोबाइल हैंडसेट, दूरसंचार उपकरणों व इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन को भी बढ़ावा मिल रहा है। इनके जरिये भारत अपना 5जी इकोसिस्टम विकसित कर रहा है। 5जी से अभी के मुकाबले 10 गुना तेज इंटरनेट सेवा मिलेगी। इससे न केवल कारोबार बढ़ेगा बल्कि उद्योगों की कमाई और रोजगार में भी इजाफा होगा। देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से बढ़ेगा। 10 गुना तेज इंटरनेट का मतलब यह भी है कि उत्पादक यूजर्स तक सीधे एवं तुरंत सेवाएं पहुंचा सकेंगे। वित्तीय गतिविधियों में भी नई तेजी आएगी। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दावा किया कि 5जी सेवाओं के जरिए भारत में नागरिकों को टेलीकॉम सेवाओं के नये दौर में प्रवेश करने का मौका मिलेगा।*

*यह टेलीकॉम क्षेत्र में सुधार और विकास के साथ प्राइवेट कैप्टिव नेटवर्क को भी बढ़ावा देगा। गूगल, अमेजन, मेटा, टीसीएस सहित प्रमुख टेक कंपनियों के भारत में बने संगठन ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम (बीआईएफ) ने कैप्टिव नेटवर्क पर केंद्र के निर्णय को सराहा। बीआईएफ अध्यक्ष टीवी रामचंद्रन ने कहा, सरकार ने उनके लिए विभाग से स्पेक्ट्रम की सीधी खरीद का रास्ता खुला रखा है। बीएफआई ऐसा ही चाहती थी। सरकार ने फिलहाल उन्हें दूरसंचार कंपनियों से स्पेक्ट्रम लीज पर लेने के लिए कहा है। भविष्य में मांग और ट्राई की सिफारिशों का अध्ययन करते हुए सीधे आवंटन पर विचार होगा। रामचंद्रन ने कहा कि सभी क्षेत्रों के डिजिटलीकरण के चलते इन निजी नेटवर्क से रोजगार व कारोबार बढ़ेगा। सरकार को लाइसेंस व अन्य शुल्क से अतिरिक्त आय मिलेगी। दूरसंचार कंपनियां स्पेक्ट्रम के ऊंचे आरक्षित मूल्य के बावजूद 5जी की नीलामी में एक-1.1 लाख करोड़ रुपये खर्च कर सकती हैं। इससे 5जी क्षमताओं के विकास के साथ क्षेत्र की कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी। इक्रा ने कहा कि आगामी नीलामी से इन कंपनियों का कर्ज स्तर भी बढ़ सकता है। हालांकि, दूरसंचार कंपनियों का मानना है कि नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य बहुत अधिक है। इक्रा का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023 तक हर यूजर से कंपनियों की औसत आय 170 रुपये तक पहुंच सकती है। इसकी वजह टेलीफोन सेवा की कीमतों में वृद्धि और ज्यादा यूजर्स द्वारा 4जी सेवाएं खरीदना हो सकती हैं।*

# छात्रों से लेकर मजदूर तक सबकी चिंता है मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को

*अन्य प्रदेशों में काम करने वाले प्रदेश के 05 लाख 70 हजार से अधिक प्रवासी श्रमिक वापस प्रदेश में आये है। इसी प्रकार प्रदेश में आये अन्य 22 राज्यों के सात हजार श्रमिकों को 70 लाख रुपये की सहायता दी गई है। श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात् करीब 15,000 व्यक्ति विभिन्न जिलों में कैंपों में आईसोलेट किये गये हैं। प्रदेश में अन्य प्रदेशों से लौटे श्रमिकों की टेस्टिंग कराई गई है और सुखद बात यह है कि इनमें से एक भी श्रमिक कोरोना पॉजिटिव नहीं पाया गया है। इन सभी के लिए 2792 स्थानों पर रूकने की और 4671 स्थानों पर भोजन आदि की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश में लगभग 10,000 भोजन सामग्री के वितरण केन्द्र बनाये गये हैं। प्रतिदिन 5 लाख 50 हजार से अधिक व्यक्तियों को पके हुए भोजन के पैकेट्स और 50 से 70 हजार लोगों को भोजन सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है।*

श्री शिवराज सिंह चौहान ने मार्च की 23 तारीख को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बहुत सादे समारोह से निकल कर वे सीधे राज्य मंत्रालय पहुँचे। मंत्रालय में प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों की एक बैठक ली। इस बैठक में मुख्यमंत्री श्री शिवरराज सिंह ने अपनी मंशा पूरी संकल्पबद्धता और प्रतिबद्धता के साथ सबके सामने रखी। उन्होंने कहा कि इस वक्त मेरी पहली प्राथमिकता और नैतिक दायित्व है - नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से अपने प्रदेश वासियों को पूरी सुरक्षा। उनकी सोच बहुत स्पष्ट थी कि अभी इंसान की जीवन रक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। इसका सीधा असर भी हुआ है। अगली सुबह से ही, या यूं कहें कि उस क्षण से ही समूचा प्रशासन सक्रिय हो गया। प्रदेश के मुखिया के निर्देशों का पालन शुरू हुआ।

सोशल डिस्टेंसिंग को सही मायने में लागू करने के लिए भोपाल और जबलपुर में कर्फ्यू लगाया गया। डॉक्टरों ने अस्पतालों में मुस्तैदी से मोर्चा सम्हाला। संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए प्रशासनिक व्यूह-रचना बनाई गई। विभिन्न स्तरों पर भिन्न-भिन्न स्तर के अधिकारियों-कर्मचारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गई। जाँच और परीक्षण की व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया गया। साधनों-संसाधनों को जुटाने और बढ़ाने की हर संभव कोशिशें की गई जिसके अच्छे नतीजे सामने आये। आम-आदमी की रोजमर्रा की जरूरतों की पूर्ति के लिए यथोचित फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री स्वयं रोज स्थितियों की समीक्षा कर रहे हैं। वे स्वयं अपनी डायरी में आवश्यक जानकारियाँ लिख रहे हैं और क्रॉस चैक भी कर रहे हैं। अन्य राज्यों से, प्रदेश में एक जिले से दूसरे जिले और चिन्हित हॉट स्पाट में आवाजाही पर कड़ा नियंत्रण किया गया। संभावितों का स्वास्थ्य परीक्षण, सैम्पल्स लेने, जाँच के लिए भेजने, संक्रमितों के इलाज, आशंका होने पर क्वेरेंटाइन किये जाने की कार्यवाही युद्ध स्तर पर शुरू हो गई। विदेशों से बड़ी संख्या में आने वाले व्यक्तियों की सूचियां भी तैयार की गई। इन प्रभावकारी कदमों के बीच, लगातार 16-18 घंटे की मेहनत और तमाम व्यस्तताओं के बीच मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान निस्संदेह वन मैन आर्मी की तरह कार्यवाही कर रहे हैं। संकट के इन गहन क्षणों के दौर में भी मुख्यमंत्री श्री चौहान घरों से दूर रहने वाले छात्र-छात्राओं, मजदूरी करने वाले श्रमिकों, देश के अन्य राज्यों में पेट पालने के लिए गये मजदूरों-कामगारों और अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए परेशान होने वाले सामान्य लोगों को भी भूले नहीं। उनका मानना था कि छोटे वर्गों और तबकों के लोगों की चिंता भी उन्हें ही करनी है। संकट के इस समय में निरंतर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की यह संवेदनशील सोच और मानवीय पक्ष उजागर हो रहा



▪ जिलों को प्रारंभिक रूप से 2000 क्विंटल खाद्यान्न (गेहूँ एवं चावल) का आवंटन जारी किया गया।

है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 26 मार्च को कहा कि मध्यप्रदेश के 1,18,000 निवासी, जो दूसरे राज्यों में गये थे तथा अभी वहाँ हैं, उनके रूकने एवं खान-पान की व्यवस्था जहाँ हैं, वहीं की जायेगी। इसके लिये उन्होंने राज्य सरकार उन प्रदेशों के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव से चर्चा भी की। यदि वे लोग मध्यप्रदेश की सीमा के आने वाले लोगो को सावधानीपूर्वक यथाशीघ्र प्रदेश में सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया जाएगा। राज्य शासन ने लॉकडाउन अवधि में निवास से अन्यत्र रूके लोगों और बेघर तथा बेसहारा व्यक्तियों के भोजन के लिये खाद्यान्न उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की। जिलों को प्रारंभिक रूप से 2000 क्विंटल खाद्यान्न (गेहूँ एवं चावल) का आवंटन जारी किया गया। जिला कलेक्टरों से कहा गया है कि आवंटित मात्रा में से ही जैसे ही 50 प्रतिशत मात्रा का उपयोग हो जाए, अतिरिक्त आवंटन की मांग तत्काल करें। अन्य प्रदेशों में काम करने वाले प्रदेश के 05 लाख 70 हजार से अधिक प्रवासी श्रमिक वापस प्रदेश में आये है। इसी प्रकार प्रदेश में आये अन्य 22 राज्यों के सात हजार श्रमिकों को 70 लाख रुपये की सहायता दी गई है। श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात् करीब 15,000 व्यक्ति विभिन्न जिलों में कैंपों में आईसोलेट किये गये हैं। प्रदेश में अन्य प्रदेशों से लौटे श्रमिकों की टेस्टिंग कराई गई है और सुखद बात यह है कि इनमें से एक भी श्रमिक कोरोना पॉजिटिव नहीं पाया गया है। इन सभी के लिए 2792 स्थानों पर रूकने की और 4671 स्थानों पर भोजन आदि की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश में लगभग 10,000 भोजन सामग्री के वितरण केन्द्र बनाये गये हैं। प्रतिदिन 5 लाख 50 हजार से अधिक व्यक्तियों को पके हुए भोजन के पैकेट्स और 50 से 70 हजार लोगों को भोजन सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है।

प्रदेश के सभी जिलों में प्रवासी श्रमिकों, गरीबों, असहायों, निराश्रितों आदि के लिए भोजन पैकेट्स बनाकर वितरण करने में सामाजिक संस्थाओं का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 30 मार्च यहाँ मध्यप्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के खातों में कुल 88 करोड़ 50 लाख 89 हजार रूपए की आपदा राशि ट्रांसफर की। इससे 8 लाख 85 हजार से ज्यादा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों में से प्रत्येक को एक हजार रूपये प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 31 मार्च को प्रदेश की शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में कक्षा एक से कक्षा 12वीं तक अध्ययनरत 52 लाख विद्यार्थियों के खातों में विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की 430 करोड़ से अधिक राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की। स्कूलों और विश्वविद्यालयों में ऑनलाइन पढ़ाई के निर्देश दिये गये हैं। कोरोना संकट के मौजूदा दौर में एक बड़ी राहत के रूप में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के बैंक खाते में कुल 589 करोड़ 3 लाख 8 हजार रूपए की राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की। इसी तरह मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में 66 लाख 27 हजार विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा भत्ते के रूप में 117 करोड़ रूपए की राशि अभिभावकों के खाते में अंतरित की गई। मध्यान्ह भोजन बनाने वाले 2 लाख 10 हजार 154 से ज्यादा रसोइयों के खाते में दो हजार रुपये प्रति रसोईये के मान से कुल राशि 42 करोड़ 3 लाख 8 हजार रूपये अंतरित की गई है।

## मूसेवाला से क्या दुश्मनी थी, जेल से हत्या की साजिश कैसे रची?

पंजाबी गायक और कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को ट्रांजिट रिमांड पर पूछताछ के लिए दिल्ली से लाई पंजाब पुलिस ने गैंगस्टर से साढ़े पांच घंटे पूछताछ की। इस दौरान उससे 10 से 15 सवाल पूछे, जिनका वह गोलमोल जवाब देता रहा। उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और पुलिस को बरगलाता रहा।

वह पूरे समय तिहाड़ जेल का रट्टा ही रटता रहा। बिश्नोई ने सभी सवालों के जवाब में कहा कि वह मूसेवाला की हत्या के दौरान तिहाड़ जेल में बंद था, उसे इस मामले में कोई जानकारी नहीं है। पहले दिन की पूछताछ में लॉरेंस से कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद अब पंजाब पुलिस ने प्लान बी पर काम करना शुरू कर दिया है। इसके तहत बिश्नोई को अब तक मूसेवाला की हत्या में गिरफ्तार दूसरे





गैंगस्टरों से रूबरू कराएगी। पुलिस के आला अधिकारियों को उम्मीद है कि दो दिन की पूछताछ में कई सवालों से पर्दा उठ जाएगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बिश्नोई के मेडिकल में सभी जांचें सामान्य मिली हैं, इसके बाद भी वह तबीयत खराब होने का बहाना करता रहा। हालांकि पहले दिन की पूछताछ में पुलिस ने बिश्नोई के साथ कोई सख्त रवैया नहीं अपनाया, लेकिन यदि आगे की पूछताछ में उसने पुलिस का कोई सहयोग नहीं किया तो पंजाब पुलिस सख्ती से भी पेश आ सकती है।

### पूछताछ में लिया गोरा का नाम

पंजाब पुलिस की पूछताछ में बिश्नोई ने होशियारपुर जेल में बंद गैंगस्टर गोरा का नाम लिया है। इसके बाद पुलिस होशियारपुर जेल से गुरप्रीत गोरा को खरड़ लेकर आई है।

### इन सवालों पर रहा पुलिस का फोकस

- सिद्धू मूसेवाला से तुम्हारी क्या दुश्मनी थी
- जेल में बैठकर हत्या की साजिश कैसे बनाई
- हत्या के लिए किन साथियों की मदद ली
- एएन-94 हथियार कहां से मंगाया था
- जेल में बैठकर साथियों से कैसे संपर्क करते हो
- मूसेवाला के अलावा और किसको मारना चाहते हो
- हत्या से पहले की गई रेकी में किसका सहयोग लिया
- सुरक्षा में कटौती किए जाने की क्या तुम्हें जानकारी थी।

## हिंसक जिहादियों के खिलाफ आज होगा देशव्यापी प्रदर्शन, विहिप के महासचिव मिलिंद ने किया एलान

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने मंगलवार को बताया कि संगठन का युवा स्कंध बजरंग दल देशभर में इस्लामी कट्टरपंथियों की हिंसा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगा। विहिप ने एक वक्तव्य जारी कर बताया कि बृहस्पतिवार को देशभर में जिला मुख्यालयों पर इस्लामी कट्टरपंथियों के बढ़ते चरमपंथ व हिंसक घटनाओं के खिलाफ धरना देकर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को एक ज्ञापन भेजा जाएगा। विहिप के महासचिव मिलिंद परांडे ने कहा कि निलंबित भाजपा नेता नूपुर शर्मा ने टीवी बहस के दौरान पैगंबर मोहम्मद के निजी जीवन के तथ्यों का उल्लेख किया था, जिसे लेकर जिहादी तत्व देशभर में हिंसा फैला रहे हैं। दिल्ली, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों में बीते शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद आगजनी, पत्थरबाजी और हिंसक हमले हुए। इन हमलों में अरबों रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है व जगह-जगह कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। परांडे ने कहा कि इस हिंसा के खिलाफ बजरंग दल सड़क



पर उतरेगा। इसके अलावा उन मस्जिदों व मदरसों की कड़ी निगरानी की जाएगी, जहां से 10 जून को जुमे की नमाज के बाद हिंसक जिहादी भीड़ निकली थी। इसके अलावा परांडे ने कहा कि हिंसा भड़काने वाले सरगनाओं को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, साथ ही दंगाइयों की मदद करने वाले संगठनों पर भी शिकंजा कसा जाना चाहिए। परांडे ने कहा, भारत को बदनाम करने के लिए जिहादी ताकतें एकजुट होकर काम कर रही हैं, इनसे मुकाबले के लिए हिंदू समाज को एकजुट होना पड़ेगा।

# प्री मानसून की बारिश से मौसम में ठंडक घुली

**रायसेन।** जिले में प्री मानसून ने दस्तक दे दी है। सिलवानी, बेगमगंज, देवरी सहित शहर में हुई बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई है। रविवार सुबह से भी आसमान में छाए रहे। जिसके कारण दिन का तापमान भी गिर गया है। दोपहर में झमाझम बारिश हुई। शहर में 2.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है जबकि एक दिन पहले ही शहर में एक मिमी बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे में हवाओं के साथ हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है मौसम विभाग के जानकार एसएस तोमर के मुताबिक उत्तरी पश्चिम से हवा चलने के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।

## तालाब का गंदा पानी खाली कर रहे



शहर के प्राचीन मिश्र तालाब का पानी गंदा होने के कारण खाली किया जा रहा है। ताकि बारिश का साफ पानी तालाब में एकत्र हो सके। नगर पालिका ने दो प्रोजेक्ट बनाकर चार करोड़ 39 लाख की राशि खर्च कर डाली। इसके बावजूद तालाब का पूरा पानी हरा दिखाई दे रहा है। जबकि पास ही 1.5 करोड़ रुपये की लागत वाला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगा है। इसके अलावा दूसरे सभी 7 तालाबों पर नगर पालिका द्वारा काम नहीं किया गया। गर्मी के 4 महीने निकले अब बारिश होने वाली है तो आनन-फानन में तालाब में एक मोटर डालकर तालाब का पानी पास के ही एक नाले में खाली किया जा रहा है। शहर के बीचोबीच बने इस तालाब में वार्ड नंबर 11 व 12 का गंदा पानी मिलता है। पर नपा की अनदेखी के कारण 12 महीना इस तालाब का पानी हरा बना रहता है।

# बेतवा नदी किनारे 12 फीट ऊंची दीवार बनाकर जलभराव रोका

**मंडीदीप।** दो अलग-अलग लोगों ने नदी के जल भराव क्षेत्र में हजारों डंपर मिट्टी डाल कर अपनी भूमि दस से बारह फीट ऊंची करके स्वयं सुरक्षित हो गए, परन्तु तीन गांवों मंडदेहरी, नयापुरा मेवाती और सरांकिया के साथ ही नेशनल हाइवे और रेलवे ट्रेक के लिए बाढ़ का खतरा पैदा कर दिया है। यह सब होता रहा और जिम्मेदार आंखें बंद कर बैठे रहे। यह लापरवाही बारिश में बाढ़ आई तो बहुत भारी पड़ सकती है। दरअसल केडीएल वेयर हाउस संचालक ने बेतवा नदी किनारे ऊंची कॉटन वाल बनवाई और दस- बारह फीट ऊंचाई तक मिट्टी से फिलिंग करा दी। जिस कारण नदी का प्राकृतिक जल भराव क्षेत्र काफी ऊंचा हो गया। जिस की जद में रेलवे ट्रैक हाइवे नयापुरा और मंडदेहरी के डूब में आने की संभावनाएं है। लगभग तीस एकड़ में बना यह वेयर हाउस का बड़ा हिस्सा बेतवा नदी किनारे पर है। वेयर हाउस संचालक ने नदी पर नियम विरुद्ध कटनवाल का निर्माण कर नगर पालिका राजस्व विभाग और सिंचाई विभाग के सामने जहाँ चुनैती खड़ी की है। वही बारिश में आने पर इन गांव पर बाढ़ का खतरा पैदा कर दिया। नगर पालिका ने नोटिस भी दिया पर रसूख के आगे कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

### बिल्डर भी नहीं है पीछे

वार्ड 25 में सांई ग्रीन बिल्डर 18 एकड़ में कालोनी बना रहा है इन्होंने भी नदी किनारे कॉटनवाल का निर्माण कर नियमो की दज्जियाँ उड़ाकर अपनी भूमी ऊंची कर बेतवा के जल भराव वाले क्षैत्र को काफी ऊंचा कर नयापुरा सरांकिया गांव के लोगो के लिए बाढ़ में डूबने के पुख्ता इंतजाम कर दिया। कॉलोनाइजर और वेयर हाउस संचालक की शिकायतें भी की गई परन्तु ऊंची पहुंच के आगे अधिकारी कार्यवाही की हिम्मत नही जुटा सके। इस बारे में वेयर हाउस और कालोनी में कार्यरत लोगो ने



बताया की यह हमारी भूमि हूं और अधिकारियों के कहने पर ही कटनवाल बनाई गई है उन्होंने अधिकारी का हवाला भी दिया। दूसरी और मंडदेहरी और नयापुरा के ग्रामीण अभी से भयभीत है की बाढ़ में हम लोगो का क्या होगा।

### इनका कहना

रेलवे ट्रैक और हाइवे वेयर हाउस भूमि से काफी ऊंचा है वहा तक बाढ़ का पानी नहर में पहुंचेगा। मंडदेहरी जरूर बाढ़ से प्रभावित हो सकता है

**- उमेश कुमार, केडीएल वेयर हाउस प्रबंधक।**

हमने वेयर हाउस का कार्य रुकवा दिया है। कॉलोनाइजर पर भी कार्रवाई की जाएगी।

**- आदित्य शर्मा, एसडीएम गौहरगंज।**

# सड़कों के गड्ढे पहली बारिश में बदहाली की सुना रहे दास्तान

*सिलवानी। करीब दो साल 9 माह का प्रशासनिक कार्यकाल नगर के विकास के लिए बदनुमा साबित हो रहा है। 29 माह में नगर में कोई भी विकास कार्य नही हो सका। हालांकि सिलवानी कस्बा नगर परिषद मुख्यालय होने के साथ ही भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री विधायक ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत का विधानसभा मुख्यालय भी है। इसके बावजूद भी नगर परिषद के जिम्मेदार नुमाइंदे नगर विकास को लेकर लगातार लापरवाही बरत कर ना केवल भाजपा के प्रति नागरिको के असंतोष को बढ़ा रहे है। बल्कि सत्तारुढ़ भाजपा की*



*लोकप्रियता को भी धूमिल करने के प्रयासों में लगे हुए है। जिसका खामियाजा भाजपा को आगामी माह में होने जा रहे नगरीय निकाए चुनावों में भुगतना पड़ सकता है। नागरिकों में नगर परिषद के तथा कथित क्रियाकलापों को लेकर असंतोष देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि नगर परिषद के जिम्मेदार कमीशन का खेल खेल रहे हैं। जनवरी 2020 में नगरीय निकायों के अध्यक्षों का कार्यकाल समाप्त होने पर प्रदेश सरकार के द्वारा निकायों में अध्यक्ष के स्थान पर प्रशासनिक अधिकारियों को प्रशासक बना कर अध्यक्ष के अधिकार दिए गए थे। 15 वार्डों में विभाजित नगर में विकास की योजनाए दम तोड़ चुकी हैं। सभी वार्डों की सड़के व नालियां क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। नागरिक क्षतिग्रस्त सड़को व नालियों की मरम्मत व नवीन निर्माण कार्य कराए जाने की मांग कर रहे है।*

# वन विभाग की सीमा में अवैध खनन करते जेसीबी व ट्रैक्टर जब्त



**बरेली।** सिंघोरी अभयारण्य के रमगढ़ा बीट में वन विभाग ने अवैध उत्खनन करते जेसीबी व ट्रैक्टर को मिट्टी उठाकर ले जाते हुए पकड़ा है। विभाग इन वाहनों को छोड़ पा रहे हैं न ही इन पर कार्रवाई कर पा रहे हैं। बता दें कि 24 घंटे बाद विभाग के द्वारा पीओआर जारी किया गया है।13 जून की शाम छह बजे वन कर्मचारियों को सूचना मिली कि विभाग की जमीन से पीली मिट्टी खोदाई कर उठाई जा रही है। इस दौरान वन कर्मचारियों को मौके पर जेसीबी मशीन मिट्टी खोदते हुए मिली है। विभाग के कर्मचारियों ने मशीन और ट्रैक्टर को जब्त कर चौकी पर खड़ा कर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी है। अधिकारी 36 घंटे तक यह फैसला नहीं कर पाए कि इन जब्त वाहनों पर मामला दर्ज करना है अथवा नहीं।

### क्यों बचा रहे थे अधिकारी

जेसीबी को जब्त करने के बाद जब इस विषय में चर्चा की गई तो वन विभाग के आला अधिकारी पल्ला झाड़ते नजर आए। अपनी गलतियों को छुपाते हुए अधिकारियों ने बताया कि वन विभाग का कैचमेंट एरिया है हम जांच कर रहे हैं। जानकारी तो यहां तक लगी है कि वन विभाग के द्वारा जेसीबी व ट्रैक्टर जब्त करने के बाद से ही बड़े-बड़े नेताओं के फोन आना शुरू हो गए हैं। इसी कार्यप्रणाली के चलते आज जंगल साफ हो रहें हैं।

### क्या है नियम

उत्खनन के नियम हैं कि किसान अपने खेत की मिट्टी उठाकर बाहर नहीं ले जा सकता। यदि किसान को अपना खेत बराबर करना है तो पहले इसकी अनुमति लेनी होगी, बाद में खेत की मिट्टी को खेत में ही फैलाना होगा। पिछले माह पाल परिवार के घर ग्राम चैनपुर में शादी थी। जिसकी मंडप की लकड़ी ला रहे थे। वन विभाग ने कर्तव्य का पालन करते हुए 11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया था।






















# अब बॉलीवुड को फॉलो कर रहा साउथ सिनेमा

*एक दौर था जब फिल्म इंडस्ट्री में अभिनेत्रियां इसलिए शादी को टालती रहती थीं, ताकि करियर की गाड़ी पटरी से न उतर जाए, क्योंकि बॉलीवुड का यही रिवाज था। अपने अभिनय का सिक्का जमाने और करियर की बुलंदी हासिल करने के बाद जैसे ही कोई अभिनेत्री घर बसाती, मानो बॉलीवुड उससे मुंह मोड़ लेता। करिश्मा कपूर, माधुरी दीक्षित, सोनाली बेंद्रे, रवीना टंडन, भाग्य श्री, मीनाक्षी शेषाद्रि समेत तमाम नाम उंगलियों पर गिने जा सकते हैं। इन अभिनेत्रियों को शादी करने के बाद वर्षों के संघर्ष से मिली शोहरत*



*और स्टारडम से समझौता करना पड़ा। लेकिन, बॉलीवुड में अब यह ट्रेंड बदल गया है। आखिर इसका श्रेय किसे जाता है, आइए जानते हैं... हाल के वर्षों में हिंदी सिनेमा से लेकर दक्षिण सिनेमा तक कई अभिनेत्रियों ने शादी करने का फैसला करियर के ऐसे मोड़ पर लिया है, जब वह सफलता के शीर्ष पर हैं। वह भी बिना इस डर के कि शादी के बाद कहीं उनका करियर ठप न हो जाए। अगर सवाल किया जाए कि सिनेमा के इस वर्षों पुराने ढर्रे को किसने बदला? तो जवाब करीना कपूर होना चाहिए। जी हां, गॉसिप क्वीन करीना कपूर ने बॉलीवुड में एक नया ट्रेंड शुरू किया है कि शादी के साथ-साथ करियर की गाड़ी बखूबी चलाई जा सकती है।*

**नयनतारा**

हाल ही में दक्षिण की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार नयनतारा फिल्म निर्देशक विग्नेश शिवन के साथ शादी के बंधन में बंधी हैं। दोनों की शादी मीडिया की सुर्खियों में रही, जिसमें बॉलीवुड के कई सितारे शामिल हुए। नयनतारा शादी के बाद करियर से समझौता करेंगी, दूर-दूर तक ऐसा न देखने में आ रहा है, न सुनने में। संभावना तो यह है कि शादी के बाद अभिनेत्री अपने करियर में बड़ी छलांग लगा सकती हैं, क्योंकि जल्द ही वह एटली की फिल्म जवान में शाहरुख खान के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा भी अभिनेत्री के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं।

**सामंथा रुथ प्रभु**


सामंथा साउथ की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली अभिनेत्री हैं। हाल ही में वह मनोज बाजपेयी स्टारर द फैमिली मैन 2 और अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा के आइटम नंबर के बाद जबरदस्त चर्चा में आईं। वह वर्ष 2017 में नागा चैतन्य के साथ शादी के बंधन में बंधीं। हालांकि, 2021 में दोनों अलग हो गए। मगर, शादी और फिर तलाक के बाद भी सामंथा का फिल्मी करियर प्रभावित नहीं हुआ।

**काजल अग्रवाल**

काजल अग्रवाल बॉलीवुड और साउथ इंड्रस्ट्री की नामी एक्ट्रेस है। वर्ष 2020 में वह गौतम किचलु के साथ शादी के बंधन में बंधी। 19 अप्रैल 2022 को उन्होंने बेटे को जन्म दिया। भले ही वह फिलहाल फिल्मी दुनिया से दूर हैं, लेकिन लाइमलाइट में बनी रहती हैं। सोशल मीडिया के जरिए वह फैंस से जुड़ी रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें साझा करती नजर आती हैं। साउथ अभिनेत्री ज्योतिका सरवन भी इस फेहरिस्त में शामिल हैं।

# बीते हफ्ते की फिल्मों में ये रही नंबर 1, विक्रम, मेजर व पृथ्वीराज की 14 दिन की गणित





बीते हफ्ते रिलीज हुई फिल्मों का पहले हफ्ते का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन आ चुका है। पिछले शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्मों में मुख्य मुकाबला 'जुरासिक वर्ल्ड डोमानियन', '777 चार्ली' और 'जनहित में जारी' के बीच रहा। उससे पहले हफ्ते रिलीज हुई फिल्मों में 'सम्राट पृथ्वीराज' का कलेक्शन फिल्म 'मेजर' से ज्यादा रहा, लेकिन बजट की तुलना में फिल्म 'मेजर' मुनाफे में दिख रही है। इनके साथ रिलीज हुई तमिल फिल्म 'विक्रम' वर्ल्ड वाइड कलेक्शन में डबल सेंचुरी मार चुकी है। घरेलू मैदान पर भी उसका दोहरा शतक तीसरे हफ्ते के शुक्रवार को पूरा होता दिख रहा है। फिल्म 'भूल भुलैया 2' के बॉक्स ऑफिस पर चार हफ्ते पूरे हुए और इसके मेकर्स अब इसके 200 करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंचने का इंतजार करने लगे हैं।

## टॉप 10 से चूकी 'जुरासिक वर्ल्ड डोमानियन'

हॉलीवुड फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड डोमानियन' ने पहले हफ्ते में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सारी भाषाओं को मिलाकर करीब 46.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग शानदार रही थी और इसने भारत में रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्मों की बेस्ट 10 ओपनर्स में सातवें स्थान पर कब्जा भी जमाया। लेकिन, फिल्म की पकड़ रविवार को बाद से बॉक्स ऑफिस पर लगातार ढीली होती गई। सोमवार को रविवार के मुकाबले 73 फीसदी से भी ज्यादा गिरी इस फिल्म ने सप्ताह खत्म होते होते 50 करोड़ का आंकड़ा भी पार नहीं किया।

## '777 चार्ली' बनी नंबर दो

अभिनेता रक्षित शेट्टी की जानवर और इंसान के प्रेम पर आधारित फिल्म '777 चार्ली' बीते हफ्ते रिलीज हुई फिल्मों में नंबर दो पर रही। इस कन्नड़ फिल्म के हिंदी संस्करण से अच्छे कलेक्शन की काफी उम्मीदें रहीं, लेकिन इसे रिलीज करने वाली कंपनी यूएफओ फिल्म्स ने इसके हिदी क्षेत्रों में प्रचार प्रसार पर कुछ भी खर्च नहीं किया। छोटे शहरों के लोगों को तो अब भी पता नहीं है कि कोई इतनी अच्छी फिल्म उनके नजदीकी शहर में लगी हुई है। फिल्म ने पहले हफ्ते में सारी भाषाओं को मिलाकर करीब 38.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

### 'जनहित में जारी' का अहित हो गया

निर्देशक जय बसंतू सिंह की डेब्यू फिल्म 'जनहित में जारी' को देखने सिनेमाघरों तक आए ही नहीं। एक अच्छी फिल्म में कोई भी कौतुक न होने और फिल्म की कहानी में बड़े परदे जैसा कुछ भी विस्मित कर देने वाला ना होने के चलते फिल्म 'जनहित में जारी' पहले हफ्ते में सिर्फ 3.50 करोड़ रुपये ही कमा सकी है। फिल्म के निर्माता राज शांडिल्य को इस फिल्म से काफी उम्मीदें रही हैं। अब सुना है वह अपनी पिछली हिट फिल्म 'ड्रीम गर्ल' का सीक्वेल बनाने जा रहे हैं।

# मलाइका का कातिलाना अंदाज और फरहान का अंडरवाटर रोमांस

एंटरटेनमेंट की बात हो तो लोगों के जेहन में सबसे पहले फिल्मी दुनिया घूम जाती है। हम से ज्यादातर लोगों के पसंदीदा कलाकार भी होते हैं, जिनके बारे में जानने के लिए प्रशंसक खासा उत्सुक रहते हैं। वहीं बॉलीवुड तो है ही हल-चल भरी नगरी। जहां से रोज कोई न कोई नहीं जानकारी सामने आती ही रहती है। सितारें अपनी जिंदगी के खूबसूरत पलों से लेकर काम से संबंधित चीजों को भी साझा करते रहते हैं। तो चलिए जानते हैं क्या है आज का सेलिब्रिटी अपडेट।

### मलाइका अरोड़ा

अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा हमेशा ही अपने बिंदास और बोल्ड अंदाज के लिए जानी जाती हैं। लोग अक्सर उन्हें ट्रोल करते दिखते हैं लेकिन वह इन सब बातों की परवाह किए बिना हर दिन एक नया स्टाइल स्टेटमेंट सेट करती दिखाई देती हैं। लेटेस्ट तस्वीरों में भी एक्ट्रेस बैकलेस गाउन में कातिलाना अंदाज में दिखाई दे रही हैं।



### फरहान अख्तर, शिबानी दांडेकर

बॉलीवुड अभिनेता फरहान ने फरवरी में शिबानी दांडेकर से शादी की थी और अब समय मिलते ही वह उनके साथ मालदीव में वेकेशन पर चले गए हैं। जहां से उन्होंने वीडियो साझा की है, जिसमें दोनों को समुद्र किनारे डांस करने के साथ ही अंडरवाटर रोमांस करते भी दिखाई दे रहे हैं।



### नेहा धूपिया अपने बच्चो के साथ

90 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्रियों में शुमार नेहा धूपिया मां बनने के बाद पर्दे से दूर ज्यादा से ज्यादा समय अपने परिवार को देती नजर आती हैं। आज भी नेहा ने बेहद खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह अपने बच्चों के साथ योग करने के साथ ही क्वालिटी टाइम भी स्पेंड करती नजर आ रही हैं।

### शिवालिका ओबेरॉय

शिवालिका ओबेरॉय और विद्युत जामवाल की फिल्म खुदा हाफिज चैप्टर 2-अग्नि परीक्षा का ट्रेलर कुछ समय पहले ही रिलीज किया गया है। अब मेकर्स और फिल्म के कलाकार इसके प्रमोशन में जुट गए हैं। इसी सिलसिले में अभिनेत्री शिवालिका ओबेरॉय ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें वह इवेंट में जाने के लिए तैयार दिखाई दे रही हैं।



# अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं सोना मोहपात्रा

*सोना मोहपात्रा बॉलीवुड की जान मानी प्लेबैक सिंगर हैं। अपने म्यूजिक करियर में उन्होंने कई हिट गाने गाए हैं। 1976 में जन्मी सोना हर साल 17 जून को अपना जन्मदिन मनाती हैं। इस बार वह अपना 46वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। सोना का नाम म्यूजिक इंडस्ट्री के बेहतरीन सिंगरों की लिस्ट में शुमार किया जाता है, लेकिन गानों से ज्यादा अपने बयानों की वजह से वह चर्चा में रहती हैं। हमेशा खुलकर बोलने वाली सोना ने अब तक कई ऐसी सनसनीखेज बातें कही हैं जिन पर जमकर विवाद हो चुका है। आज उनके जन्मदिन आइए जानते हैं उनसे जुड़े पांच विवाद सोना मोहपात्रा को साफगोई से बात रखने के लिए जाना जाता है। इसी वजह से वह अक्सर चर्चा में आ जाती हैं। मीटू मूवमेंट के दौरान सोना म्यूजिक इंडस्ट्री*



*के दो बड़े दिग्गजों के ऊपर यौन उत्पीड़न के आरोप लगा चुकी हैं। बता दें कि सोना ने ट्विटर पर अपनी बात रखते हुए कैलाश खेर और अनु मलिक पर अनुचित व्यवहार के आरोप लगाए थे। इस बीच जब सोनू निगम ने जब दोनों का बचाव करना चाहा तो सोना उन पर भी बुरी तरह भड़क गई थीं। ट्विटर के जरिए उन्होंने सोनू पर जमकर निशाना साधा था। सोना केवल बयानों की वजह से ही नहीं बल्कि गाने की वजह से भी विवादों में रही हैं। दरअसल, सिंगर ने खुलासा किया था कि उन्हें एक गाने की वजह से मदारिया सूफी फांउडेशन की धमकी मिल रही है। सोना के मुताबिक उनके सूफी गाने की वजह से उन्हें यह धमकी मिल रही थी। इस मामले में उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। सोना बॉलीवुड के दबंग सलमान खान पर भी तीखे हमले कर चुकी हैं। यह बात फिल्म भारत की शूटिंग के समय की है। तब सलमान ने सोशल मीडिया पर बताया था कि उनकी फिल्म भारत की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। सलमान के इस ट्वीट के कुछ समय बाद ही सोना ने ट्वीट करते हुए लिखा, डियर ट्विटर! मैं इस इंसान को फॉलो नहीं कर रही हूं। मैं नहीं चाहती कि इस शख्स के ट्वीट मेरी टाइमलाइन पर दिखें। मैं आपसे रिक्वेस्ट करती हूं कि आप इन विज्ञापन वाले ट्वीट्स को मेरी टाइमलाइन से हटा दें। इस ट्वीट के बाद सिंगर को काफी ट्रोल किया गया था।*

# हवाई सफर हो सकता है 15 फीसदी तक महंगा

## एटीएफ के दाम में फिर हुआ बड़ा इजाफा



**नई दिल्ली।** गुरुवार को हवाई यात्रियों के लिए झटका देने वाली खबर आई। दरअसल, जेट फ्यूल या एयर टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत में एक बार फिर से जोरदार इजाफा किया गया है। इसकी कीमतें 16.3 फीसदी बढ़ा दी गई हैं। गौरतलब है कि यह मार्च 2022 के बाद से सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। इसके साथ ही जेट फ्यूल का भाव नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले छह महीने में हवाई ईंधन के दाम में 91 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। इस नए बदलाव के बाद राजधानी दिल्ली में एटीएफ की कीमत 1.41 लाख रुपये प्रति किलोलीटर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। बता दें कि इस साल 16 मार्च को एटीएफ में सबसे ज्यादा 18.3 फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी। फिर एक अप्रैल को भी कीमतों में दो फीसदी तेजी आई। इसके अलावा 16 अप्रैल को 0.2 फीसदी और एक मई को 3.22 फीसदी की वृद्धि की गई थी। यहां बता दें कि लगातार दस वृद्धि के बाद बीते एक जून को विमान ईंधन की कीमतों में मामूली 1.3 फीसदी की कटौती की गई थी। लेकिन, अब फिर इसके दाम में आग लगी है और संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में हवाई सफर और भी महंगा हो सकता है।

गौरतलब है कि विमान संचालन में एटीएफ पर होने वाले खर्च की बड़ी हिस्सेदारी होती है, जो 40 फीसदी के करीब है। ऐसे में इसमें इजाफे से यात्री किराए में वृद्धि की संभावना भी बढ़ जाती है। एटीएफ के दाम में बेतहाशा वृद्धि के तुरंत बाद स्पाइसजेट के सीएमडी, अजय सिंह ने कहा कि जेट ईंधन की कीमतों में तेज वृद्धि और रुपये के मूल्यह्रास ने घरेलू एयरलाइनों के पास किराये में तुरंत वृद्धि करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है और हमारा मानना है कि किराये में न्यूनतम 10 से 15 फीसदी की वृद्धि की तत्काल आवश्यकता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि संचालन की लागत बेहतर बनी रहे।

# बूस्टर एसआईपी और वैल्यू फंड रिटर्न के लिहाज से बेहतर साधन

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद म्यूचुअल फंड की इक्विटी फंड योजनाओं में पिछले महीने 18 हजार करोड़ से ज्यादा की रकम आई। इससे पता चलता है कि निवेशक सुरक्षित और बेहतर रिटर्न के लिए इन योजनाओं पर भरोसा जता रहे हैं। वैल्यू और बूस्टर एसआईपी जैसे इक्विटी फंड में निवेश का गणित बताती अजीत सिंह की रिपोर्ट- आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड के उत्पाद एवं रणनीति प्रमुख चिंतन हरिया कहते हैं कि म्यूचुअल फंड उद्योग में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) को अधिकतर लोग जानते हैं। इसमें किसी कर्ज के किस्त की तरह हर महीने एक तय रकम जमा की जाती है। पर अब बूस्टर एसआईपी भी आ रहा है। सामान्य एसआईपी की तुलना में इसमें ज्यादा रिटर्न मिलता है। इस फीचर के जरिये जब बाजार महंगा हो जाता है तो जो मूल किस्त है, उसकी एक छोटी सी रकम का निवेश किया




जाता है। इसके विपरीत, जब मूल्यांकन सस्ता हो जाता है तो यह निवेश को ज्यादा बढ़ा देता है। उदाहरण के लिए, यदि मूल किस्त 10,000 रुपये है तो यह बाजार की स्थितियों के आधार पर कहीं भी 100 रुपये से एक लाख रुपये के बीच निवेश करता है। बूस्टर एसआईपी डायनैमिक किस्त के माध्यम से लक्षित योजना में निवेश को भी पीछे छोड़कर रुपये की लागत औसत मूल्य का फायदा उठाता है। यह इनहाउस इक्विटी वैल्यूएशन इंडेक्स पर आधारित है।

### शेयरों का चुनाव

- वैल्यू फंड उन कंपनियों के शेयरों को बहुत ही चतुराई से चुनता है, जिनका मूल्य उनके संभावित मूल्य से कम रहता है।
- मूल्य में कमी के कई कारण हो सकते हैं। इसमें बाजार में भारी गिरावट और चक्रीय बदलाव भी हो सकते हैं।
- हालांकि, इन सबके बावजूद न तो प्रबंधन में कोई बदलाव होता है और न ही कंपनी में बुनियादी स्तर पर कोई बदलाव होता है।
- नियमित निवेश के अनुशासनात्मक नजरिये से निवेशकों को बड़ा फायदा होता है क्योंकि उसे बाजार को सक्रिय रूप से ट्रैक करने की जरूरत नहीं होती है।
- बूस्टर एसआईपी इक्विटी और डेट में निवेश करता है। यह सुविधा निवेशकों को बाजार की डांवाडोल स्थितियों से अधिक लाभ उठाने में मदद करती है।

# क्रिप्टो बाजार में हाहाकार, बिटक्वाइन 12 फीसदी से ज्यादा टूटा



**नई दिल्ली।** सोमवार का दिन क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने वाले लोगों के लिए ब्लैक मंडे के तौर पर सामने आया। क्रिप्टो बाजार में ऐसा भूचाल आया, जिसकी भरपाई हाल फिलहाल होना संभव नहीं दिखता। दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटक्वाइन का दाम 12.02 फीसदी या 2,73,718 रुपये कम होकर 20,03,985 के निचले स्तर पर पहुंच गई। इसका बाजार पूंजीकरण भी बुरी तरह टूटकर 37.6 ट्रिलियन रुपये रह गया है। बिटक्वाइन के साथ ही दुनिया की दूसरी सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी इथेरियम के निवेशकों को भी सोमवार के दिन भारी घाटा उठाना पड़ा है। इस डिजिटल करेंसी के दाम में खबर लिखे जाने तक 16 फीसदी की गिरावट आ चुकी थी और इसका भाव 19,093 रुपये तक टूट गया था। इस गिरावट के बाद इथेरियम की वैल्यू कम होकर 1,02,121 रुपये रह गई। इसके साथ ही इस कीमत पर इसका बाजार पूंजीकरण भी घटकर 12.6 ट्रिलियन रुपये पर पहुंच गया। सोमवार को क्रिप्टो बाजार में आई जोरदार गिरावट के बीच सिर्फ टेथर क्वाइन ही बढ़त में दिखाई दिया। इसकी कीमत में 0.96 फीसदी या 0.80 रुपये की कमी आई और इसका दाम बढ़कर 84.6 रुपये पर पहुंच गया। इसके अलावा बाजार में कारोबार करने वाली लगभग सभी क्रिप्टोकरेंसी लाल निशान पर कारोबार करती हुई नजर आई। गिरावट की बात करें तो ज्यादातर क्रिप्टोकरेंसी में 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। टॉप क्रिप्टोकरेंसी में शामिल बिनांस क्वाइन (बीएनबी) का दाम 12.49 फीसदी या 2,674 रुपये कम होकर 18,741 रुपये पर आ गया, जबकि कार्डानो में 11.41 फीसदी की कमी आई और यह फिसलकर 37.96 रुपये का रह गया। सोलाना का भाव 16 फीसदी टूटा, तो डॉजक्वाइन की कीमत में 17 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा पोल्काडॉट के दाम में भी 13 फीसदी की कमी आई है। लाइटक्वाइन का भाव 14 फीसदी, तो वहीं शीबा इनु का भाव 12 फीसदी कम हो गया।

# क्रिप्टोकरेंसी को लेकर फिर बोले बिल गेट्स

**नई दिल्ली।** बिल गेट्स ने कहा कि बंदरों की महंगी तस्वीरों से दुनिया में सुधार होने जा रहा है। लेकिन ये न तो लंबी और न ही छोटी अवधि की एसेट क्लास हैं। बीते साल भी क्रिप्टोकरेंसी को लेकर गेट्स खासे चर्चा में रहे थे। इसे लेकर उनका एलन मस्क के साथ वाद-विवाद भी हुआ था। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने नॉनफंगिबल टोकन (एनएफटी) जैसे किसी भी क्रिप्टोकरेंसी प्रोजेक्ट को सिरे से खारिज कर दिया है। एक कार्यक्रम के दौरान इसे मूर्ख बनाने की थ्योरी पर आधारित नकली चीज करार दिया है। गौरतलब है कि गेट्स पहले से ही क्रिप्टोकरेंसी के पक्ष में नहीं रहे हैं और इसे एक बड़ा खतरा बताते रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बिल गेट्स ने कहा कि बंदरों की महंगी तस्वीरों से दुनिया में सुधार होने जा रहा है। लेकिन ये न तो लंबी और न ही छोटी अवधि की एसेट क्लास हैं। बीते साल भी क्रिप्टोकरेंसी को लेकर गेट्स खासे चर्चा में रहे थे। इसे लेकर उनका एलन मस्क के साथ वाद-विवाद भी हुआ था, जो सुर्खियां बन गया था। गेट्स ने क्रिप्टो माइनिंग को पर्यावरण के लिए बेहद नुकसानदेह बताया था।



# सोने के भाव में आया उछाल, चांदी फिर 60 हजार के पार

**नई दिल्ली।** सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन कीमती धातुओं के दाम में तेजी का सिलसिला जारी रहा। अगर आप आज आभूषण खरीदने का मन बना रहे हैं, तो घर से निकलने से पहले सोने-चांदी के भाव में आपके शहर में कितनी तेजी आई है यह जान लेना फायदेमंद होगा। एमसीएक्स पर गुरुवार को सोने की कीमत में 0.53 फीसदी का इजाफा हुआ और इसका भाव बढ़कर 50,460 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया।



### चांदी के दाम में भी आई तेजी

सोने के दाम में तेजी के साथ ही चांदी का भाव भी उछल गया। इसके भाव में जबरदस्त 2.30 फीसदी की तेजी आई। इसके बाद चांदी की कीमत 60,869 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यहां बता दें कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है।

### इस तरह जानें अपने शहर का भाव

देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है। आप अपने शहर सोने की कीमत मोबाइल पर भी चेक कर सकते हैं। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक आप सिर्फ 8955664433 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर प्राइस चेक कर सकते हैं। आप जिस नंबर से मैसेज करते हैं उसी नंबर पर आपके मैसेज आ जाएगा। इस तरह आप घर बैठे सोने के लेटेस्ट रेट जान लेंगे।

# शेयर बाजार में चार दिन की गिरावट पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स 500 अंक उछला, निफ्टी 15800 पर

**नई दिल्ली।** सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को शेयर बाजार ने हरे निशान पर करोबार की शुरुआत की। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 506 अंक या 0.96 फीसदी बढ़कर 53,048 के स्तर पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 142 अंक या 0.91 फीसदी बढ़त के साथ 15,835 के स्तर पर खुला। बाजार खुलने के साथ ही लगभग 1437 शेयरों में तेजी आई है, 250 शेयरों में गिरावट आई है और 56 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। निफ्टी पर रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक,



आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फिनसर्व प्रमुख लाभ में थे, जबकि ओएनजीसी, नेस्ले इंडिया, भारती एयरटेल, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज गिरावट में थे। इससे पहले लगातार चार दिनों से शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी था। बीते कारोबारी सत्र बुधवार को मामूली बढ़त के साथ खुलने के बाद दोनों सूचकांक दिनभर के कारोबार के बाद अंत में गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई की सेंसेक्स 152 अंक फिसलकर 52,541 के स्तर पर बंद हुआ था, जबकि एनएसई का निफ्टी 40 अंक टूटकर 15,692 के स्तर पर बंद हुआ था।

# तेल कंपनियों ने जारी किए पेट्रोल-डीजल के दाम, जानें कितनी हैं आपके शहर में कीमतें

**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने आज के लिए पेट्रोल और डीजल के दाम जारी कर दिए हैं। आज कंपनियों ने तेल के दामों में कोई बदलाव नहीं किया है। पिछले दिनों सरकार ने पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाने की घोषणा की थी। इसके बाद पेट्रोल के दामों में अधिकतम नौ रुपये और डीजल के दामों में सात रुपये की कमी आई है। आज दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल 96.72रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 111.35 रुपये व डीजल की कीमत 97.28 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल का दाम 106.03 रुपये जबकि डीजल का दाम 92.76 रुपये प्रति लीटर है। वहीं चेन्नई में भी पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर तो डीजल 94.24रुपये प्रति लीटर है।



### जानिए आपके शहर में कितना है दाम

पेट्रोल-डीजल की कीमत आप एसएमएस के जरिए भी जान सकते हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट पर जाकर आपको RSP और अपने शहर का कोड लिखकर 9224992249 नंबर पर भेजना होगा। हर शहर का कोड अलग-अलग है, जो आपको आईओसीएल की वेबसाइट से मिल जाएगा।

आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। )